लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी



लहरों की सीख.....



जीत गया बबलू....

वर्ष : 11 | अंक : 243 | लखनऊ, 23 अगस्त, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# भाजपा सरकार आएगी तभी बंगाल में होगा विकास : प्रधानमंत्री मोदी

## केंद्र का पैसा जनता तक नहीं, टीएमसी के पास जा रहा

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पीएम नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में विभिन्न मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा और सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो सेवा और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही मोदी ने मेट्रो की सवारी की और मेट्रो परियोजनाओं में शामिल स्कूली छात्रों और निर्माण श्रमिकों से बातचीत की। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज एक बार फिर मुझे पश्चिम बंगाल में विकास को गति देने का अवसर मिला... सभी खुश हैं कि कोलकाता के सार्वजनिक परिवहन में प्रगति हुई है... मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए कोलकाता के लोगों को बधाई देता हूं।

वहीं, कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं ऐसे समय में आया हूँ जब दुर्गा पूजा की तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं। बड़ा बाजार से लेकर पार्क स्ट्रीट तक, कोलकाता इस उत्सव की तैयारी और सजावट में व्यस्त है। खुशी और आस्था के इस उत्सव में जब विकास का उत्सव भी जुड़ जाता है, तो खुशी दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। इसलिए जब तक पश्चिम बंगाल का सामर्थ्य नहीं बढ़ेगा, तब तक विकसित भारत की यात्रा सफल नहीं हो पाएगी। क्योंकि भाजपा मानती है, भाजपा की श्रद्धा है - जब बंगाल का उदय होगा, तभी विकसित भारत बनेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र की BJP सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए लगातार हर प्रकार की मदद दी है। बंगाल में नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए जितना पैसा कांग्रेस की UPA सरकार ने अपने 10 साल में दिया था। उससे 3 गुना से ज्यादा पैसा हमारी भारत सरकार ने बंगाल को दिया है। रेलवे के लिए भी बंगाल का बजट पहले की तुलना में तीन गुना बढ़ाया गया है। लेकिन, बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। चुनौती ये कि बंगाल के लिए जो पैसा हम राज्य सरकार को सीधे भेजते हैं...उसका ज्यादातर हिस्सा यहां लूट लिया जाता है। वो पैसा TMC काडर पर खर्च होता है। इसलिए गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं में बंगाल... देश के दूसरे राज्यों से पिछड़ा हुआ है।

मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले पड़ोस में असम और त्रिपुरा के भी यही हाल थे। लेकिन जबसे असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनी है, गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ वहां जनता को मिलने लगा है। आज इन राज्यों में हर घर जल का काम तेजी से चल रहा है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज हर गरीब को मिल रहा है। गरीबों के पक्के घर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी जनता तक सारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जरूरी है कि यहां भी भाजपा सरकार होनी चाहिए। ये अब तय है - TMC जाएगी, भाजपा आएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकता

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : यात्री सुरक्षा, सुविधा और राजस्व वृद्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता में हैं। शुक्रवार को परिवहन विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इसको स्पष्ट भी कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ई-बसों की खरीद में मेड इन यूपी को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग आगे से जो भी बसें खरीदे यथासंभव उत्तर प्रदेश में ही निर्मित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि बस स्टेशनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि हो और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को प्रोत्साहन देने और राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं-बहनों और उनके एक सहयात्री को तीन दिन तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ 78 लाख से अधिक लोगों लेने पर प्रसन्नता जताई।

### 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्वस्तरीय टर्मिनल के रूप विकास

बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया गया कि रोडवेज 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्वस्तरीय टर्मिनल के रूप में विकसित कर रहा है। दूसरे चरण में 54 अतिरिक्त बस स्टेशनों का विकास प्रस्तावित है, जबकि 50 बस स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यूपीएसआरटीसी 8 शहरों में इलेक्ट्रिक डिपो भी स्थापित कर रहा है, जहाँ 240 किलोवाट क्षमता के 4 से 8 यूनिवर्सल चार्जर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सुगम आवागमन के लिए नए रूट चिन्हित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# ईडी ने अवैध सट्टेबाजी मामले में कर्नाटक के विधायक के खिलाफ छापे मारे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र पप्पी, उनके भाई और कुछ अन्य के खिलाफ कई राज्यों में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीरेंद्र (50) चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। राज्य विधानसभा सत्र के अंतिम दिन हुई ईडी की कार्रवाई पर विधायक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले, बेंगलुरु और हुबली, जोधपुर (राजस्थान), मुंबई और गोवा में कम से कम 30 स्थानों पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गयी। उन्होंने बताया कि गोवा में पप्पीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पप्पीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो पर भी छापे मारे गए। ईडी सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, वीरेंद्र पर किंग567, राजा567, पप्पीज003, रत्ना गेमिंग आदि जैसी ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट संचालित करने का आरोप है ।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

## बना कानून, जेल और एक करोड़ जुर्माने का है प्रावधान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग के संवर्धन और विनियमन विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसे एक दिन पहले राज्यसभा ने पारित किया था। यह कानून सभी ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाता है और सुविधा प्रदान करने वालों के लिए तीन साल तक की कैद और 1 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान करता है। ऐसे प्लेटफॉर्म का विज्ञापन करने पर दो साल तक की सजा और 50 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है।

उच्च सदन ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 को 26 मिनट में पारित कर दिया। इससे एक दिन पहले लोकसभा ने प्रक्रियागत चिंताओं को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच इसे सात मिनट में पारित कर दिया था। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में सांसदों को बताया कि लोग ऑनलाइन मनी गेमिंग में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी गँवा रहे हैं। वैष्णव ने राज्यसभा में कहा कि समय-समय पर समाज सामाजिक बुराइयों से जूझता है। ऐसे में सरकार और संसद का यह कर्तव्य है कि वे इनकी जाँच करें और इन्हें नियंत्रित करने के लिए कानून बनाएँ।

मंत्री ने कहा, जब समाज और सरकार के राजस्व के बारे में चिंता करनी होती है तो इन दोनों के बीच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार (के कल्याण) को ही चुना है, हमेशा समाज के फायदे को ही चुना है, कभी इससे समझौता नहीं किया है। और इस विधेयक में भी समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग का हवाला देते हुए कहा, समाज में जो एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है उससे बचने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुमार्ना, या दोनों का प्रावधान करता है। ऑनलाइन मनी गेम में कोई व्यक्ति अधिक पैसा पाने की चाह में धन लगाकर खेलता है। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मैनपुरी में डिवाइडर से कार टकराने से कानपुर के व्यापारी समेत दो की मौत, दो अन्य घायल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

मैनपुरी, मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक कार के डिवाइडर से टकराने से उसमें सवार कानपुर के एक व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राहुल मिठास ने बताया कि कानपुर के व्यापारी सागर कपूर (35) दिल्ली स्थित बुडको पेंट कंपनी के प्रबंधक जितेंद्र आहूजा (45), पेंट कंपनी के कानपुर क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश ओझा और रेलवे कर्मचारी दुर्गा प्रसाद के साथ बृहस्पतिवार को कानपुर से दिल्ली जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सागर कपूर चला रहे थे।

### महराजगंज में खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

महराजगंज , महराजगंज जिले के ठूठीबारी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को सुबह खेत में सिंचाई करते समय एक व्यक्ति और उसके युवा बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ठूठीबारी थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) महेंद्र मिश्रा ने बताया थाना क्षेत्र के सुकरहर गांव के निवासी श्रीकांत यादव (60) और उनका बेटा संतोष यादव (25) शुक्रवार को सुबह सुबह खेत में सिंचाई करने गए थे। पानी के पंप से जुड़े बिजली के तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया और दोनों की मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सिनेमा की अधिकतर कहानियों में रामकथा की प्रेरणाः अनंत विजय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भोपाल। सिनेमा की विभिन्न विधाओं में लिखने वाले लेखक देश को देखने और समझने के बाद ही अलग-अलग विषयों का समावेश कहानियों में करते हैं। हमारे देश में कहानियों और उनके विषयों की कोई कमी नहीं है। समाज में अलग-अलग दौर में फिल्मों की कहानियां कैसे लिखी गई हैं, इसे पिछले अनेक दशकों की फिल्मों को देखकर समझा जा सकता है। यह विचार आज माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के 'अभ्युदय' के अंतिम दिन 'रुस्तम' तथा 'इकबाल' जैसी चर्चित फिल्मों के पटकथा लेखक विपुल के. रावल ने व्यक्त की। सत्रारंभ के अंतिम दिन वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, बृजेश कुमार, बालकृष्ण एवं अदिति राजपूत ने विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

पटकथा लेखक रावल ने भारतीय फिल्म उद्योग और वैश्विक सिनेमा के विकास की यात्रा पर चर्चा करते हुए फिल्म लेखन के क्षेत्र में आ रहे महत्वपूर्ण बदलावों को रियल लाइफ से जुड़े विषयों की कहानियों के साथ प्रस्तुत करते हुए लेखन एवं तकनीक के अन्तरसम्बन्धों पर चर्चा की। सत्र में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय ने कहा कि फिल्मों की कहानियां हमारी भावनाएं ही होती हैं। अगर हम गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि सिनेमा की अधिकतर कहानियों में रामकथा की प्रेरणा होती है, क्योंकि रामकथा हमारे मन में रची-बसी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जन माध्यमों में आज फिल्म समीक्षा किसी फिल्म की व्याख्या बनकर रह गई है, उसमें विश्लेषण एवं विवेचना का अभाव स्पष्ट झलक रहा है। विद्यार्थियों को इसे समझना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फिल्म रिव्यू राइटिंग के लिए कहानी में डीप डाइव करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि लोक की विराट जानकारी अगर हमें होगी तो बेहतरीन समीक्षाएं लिख सकेंगे। एक अन्य सत्र में नेटवर्क 18 के वरिष्ठ संपादक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि तीन दशक पहले प्रिंट रेडियो का दौर था। उस समय टीवी पर महज कुछ समाचार बुलेटिन आते थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 के बाद से जिस तरह डिजिटल का दौर शुरू हुआ उसमें प्रिंट मीडिया ने भी खुद को री-इन्वेंट किया और कन्वर्जेंस के हिसाब से खुद को अनुकूल किया। श्री सिंह ने कहा कि आज डिजिटल मीडिया तेजी से बढ़ रहा है और इसने दूसरे माध्यमों को कड़ी प्रतिस्पर्धा दी है। अपने संपादन में उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से घबराने की जरूरत नहीं है। डिजिटल का बाजार बहुत बढ़ेगा इसके साथ ओरिजिनल कंटेंट की मांग बढ़ेगी, अतःविद्यार्थी अपनी स्किल्स को बेहतर करने पर ध्यान दें। इस सत्र के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार बालकृष्ण ने मीडिया की विश्वसनीयता और ब्रॉडकास्टिंग पर अपने वक्तव्य में बताया कि किस तरह गलत सूचनाओं ने मीडिया में फैक्ट चैकिंग की मांग बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि किस तरह डिजिटल फ्रॉड देश भर में बढ़ रहे हैं। अपने व्याख्यान में उन्होंने मीडिया में विजुअल इन्वेस्टिगेशन और फैक्ट चेकिंग पर बात करते हुए युवा तकनीक के साथ जुड़े रहें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं एनडीटीवी की एंकर अदिति राजपूत ने कहा कि मीडिया आज एक शक्तिशाली उपकरण है इसमें समाज को परिवर्तन करने की शक्ति है पर निश्चित तौर पर इसके कुछ उत्तरदायित्व भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन पर जोर देने और नए कौशल सीखने की बात कही।

# कभी न तो डरूंगी और न ही हार मानूंगीः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के दो दिन बाद शुक्रवार को औपचारिक तौरपर कामकाज फिर शुरू करते हुए कहा कि वह कभी न डरेंगी, न ही हारेंगी और राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेंगी। रेखा गुप्ता ने यमुना पार इलाके के गांधी नगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष उनका अटल संकल्प है। उन्होंने कहा, आपकी मुख्यमंत्री न तो डरेंगी, न थकेंगी और न ही हारेंगी। मैं आपके साथ तब तक संघर्ष करती रहूंगी जब तक दिल्ली को उसके अधिकार नहीं मिल जाते। यह मेरा अटल संकल्प है। गुजरात के राजकोट निवासी राजेशभाई खिमजी ने बुधवार सुबह दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके स्थित मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 10-12 वर्ष में दिल्ली पिछड़ गई है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुंबई पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ किया, 12 लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई , मुंबई पुलिस ने देश के विभिन्न हिस्सों में कथित तौर पर लोगों से 60.82 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले 12 लोगों (एक दंपति समेत) को गिरफ्तार कर एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हाल ही में पकड़े गए आरोपियों में से पांच ने साइबर धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल की खातिर अपने बैंक खाते और सिम कार्ड बेच दिए थे। पुलिस उपायुक्त (जांच) राज तिलक रोशन ने बताया कि ये गिरफ्तारियां 12 अगस्त को पश्चिमी उपनगर कांदिवली में एक कार्यालय पर मुंबई अपराध शाखा की छापेमारी के बाद की गईं, जिसमें अधिकारियों ने सिम कार्ड और बैंक पासबुक जब्त किए। उन्होंने बताया कि गिरोह ने 943 बैंक खाते खरीदे थे, जिनमें से 180 का इस्तेमाल धोखाधड़ी के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पिछले साल से इस कार्यप्रणाली का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पांच आरोपियों को 12 अगस्त को गिरफ्तार किया गया और शेष को जांच के दौरान पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि गिरोह ने 7,000-8,000 रुपये में सिम कार्ड और बैंक खाते खरीदे और उनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन खरीदारी और शेयर बाजार कारोबार से जुड़ी धोखाधड़ी के लिए किया। अधिकारी ने बताया कि बैंक खातों और सिम कार्ड का इस्तेमाल देश भर में लोगों से 60.82 करोड़ रुपये की ठगी करने के लिए किया गया, जिसमें मुंबई में 1.67 करोड़ रुपये और शेष महाराष्ट्र में 10.57 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी शामिल है।

# अमित शाह का तमिलनाडु से दो टूक, न राहुल पीएम बनेंगे, न उदयनिधि सीएम, एनडीए की होगी जीत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, तमिलनाडु चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी कड़ी में गृह मंत्री अमित शाह ने आज राज्य में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन के शुरूआत में कहा कि मैं राज्य के लोगों को यह बताने आया हूँ कि उपराष्ट्रपति का पद संभालने के बाद, तमिलनाडु का बेटा सीपी राधाकृष्णन राज्यसभा का सभापति बनने जा रहा है। इससे पहले एनडीए ने एपीजे अब्दुल कलाम जी को भी भारत का राष्ट्रपति बनाकर यह सम्मान दिया था। नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा तमिलनाडु, तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को गौरवान्वित करने का काम किया है।

शाह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने प्रतिष्ठित तमिल नेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति जैसे प्रतिष्ठित पद के लिए नामित किया है। इसके बाद शाह ने कहा कि पहलगाम में, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की दुखद जान ले ली। मोदी जी ने देश को दृढ़ता से आश्वस्त किया कि आतंकवादियों और उनके कृत्यों को अंजाम देने वालों, दोनों को परिणाम भुगतने होंगे। ऑपरेशन सिंदूर को अधिकृत करके, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान में गहराई तक स्थित आतंकवादी ठिकाने नष्ट कर दिए जाएँ। इसके अलावा, ऑपरेशन महादेव ने पहलगाम में हुए जघन्य हमले के लिए ज़िम्मेदार तीन आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया।

भाजपा नेता ने कहा कि लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने 130वाँ संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। पूरा विपक्ष एकजुट होकर इस विधेयक का विरोध कर रहा है। प्रस्तावित विधेयक में कहा गया है कि अगर किसी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को जेल होती है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना होगा। विपक्ष ने इस विधेयक के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। हालाँकि, यह उल्लेखनीय है कि DMK के दो वरिष्ठ मंत्री लगभग आठ महीने जेल में रहे और इस दौरान उन्होंने अपने पदों से इस्तीफा नहीं दिया। किसी व्यक्ति का जेल से शासन करना अव्यावहारिक और अनुचित है। उन्होंने कहा कि यहाँ तक कि DMK इस विधेयक को काला विधेयक बताकर इसकी आलोचना कर रहा है, मैं स्टालिन जी को याद दिलाना चाहूँगा कि अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को ऐसे आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

# कांग्रेस पार्टी मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी : डॉ. राजेश्वर सिंह

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने 100 साल के आंकड़े प्रस्तुत कर, तुष्टिकरण की राजनीति पर कांग्रेस को घेरा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विस्तृत सोशल मीडिया विचारों में कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण राजनीति को ऐतिहासिक तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी, भारत में मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी है। आजादी से पूर्व ही कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति का बीज बो दिया था और स्वतंत्रता के बाद उसे संस्थागत रूप दे दिया।'



### आजादी से पहले की राजनीति– तुष्टिकरण की शुरूआत

डॉ. सिंह ने बताया कि 1916 का लखनऊ पैक्ट वह पहला अवसर था, जब कांग्रेस ने मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन की मांग को स्वीकार कर साम्प्रदायिकता को वैधता दी। 1920 के खिलाफत आंदोलन में कांग्रेस ने तुर्की के खलीफा के समर्थन में राजनीति की, जिसके परिणामस्वरूप मालाबार में हुए मोपला नरसंहार जैसी घटनाओं की तक निंदा नहीं की। 1942 में कांग्रेस मंत्रिमंडल में मुस्लिम लीग को प्रतिनिधित्व मिला और 1947 में विभाजन की त्रासदी ने 1.5 करोड़ लोगों को विस्थापित कर दिया, 15झ20 लाख निदोर्षों की हत्या हुई और लाखों महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार हुए।

इस प्रकार राष्ट्रीय एकता की कीमत पर कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टिकरण को जन्म दिया और देश को विभाजन की पीड़ा झेलनी पड़ी।

### स्वतंत्र भारत में तुष्टिकरण का संस्थानीकरण –

डॉ. सिंह ने विस्तार से बताया कि आजादी के बाद कांग्रेस ने तुष्टिकरण को नीतिगत स्तर पर स्थापित किया। पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों को अनदेखा कर, भारत में रह गए मुस्लिमों को विशेष संरक्षण। 1950 का नेहरूझलियाकत समझौता, जिसमें भारतीय मुसलमानों को सुरक्षा दी गई, परंतु पाकिस्तान में हिंदूझसिख अल्पसंख्यकों की दुर्दशा जारी रही।

1955झ56 में केवल हिंदू कानूनों में सुधार, जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ पर कोई बदलाव नहीं किया। हज सब्सिडी (1959), शाह बानो केस (1985), वक्फ अधिनियम (1995), सच्चर समिति (2006), और मनमोहन सिंह का बयान कि ह्लदेश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों काह्व-इन सबने तुष्टिकरण की पराकाष्ठा को दिखाया।

डॉ. सिंह के अनुसार, कांग्रेस ने बहुसंख्यक समाज के साथ लगातार भेदभाव किया और मुस्लिम तुष्टिकरण को संस्थागत रूप दिया।

### यूपीए काल और वर्तमान – वोट बैंक राजनीति की निरंतरता :

UPA सरकार के दौर को कांग्रेस की वोट बैंक राजनीति का चरम बताते हुए डॉ. सिंह ने कहा: Communal Violence Bill (2011) में दंगों के लिए बहुसंख्यक को दोषी मानने का प्रावधान किया गया। RTE (2009) में मदरसों को छूट देकर 2.5 करोड़ बच्चों को आधुनिक शिक्षा से वंचित किया गया।आतंकवाद पर नरमी, POTA हटाना, SIMI पर ढील और अफजल गुरु को बचाने की कोशिश। 'हिंदू आतंकवाद' जैसी थ्योरी से भारत की सांस्कृतिक छवि धूमिल करने का प्रयास ।शाहीनबाग आंदोलन, CAA विरोध और हिजाब विवाद में कांग्रेस का खुला समर्थन।

'कांग्रेस ने वही किया जो 1916 में शुरू किया था-मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति। यही कारण है कि दशकों तक राम मंदिर का विरोध किया गया और अदालत में अड़ंगे डाले गए।'

### भविष्य की राह–प्रगतिशील मुस्लिम नेतृत्व :

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अब भारत को मध्यमार्गी, प्रगतिशील और अग्रगामी मुस्लिम नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा, 'धार्मिक नेताओं को मस्जिदों तक सीमित रहना चाहिए, राजनीति का निर्धारण नहीं करना चाहिए। मुस्लिम महिलाओं को सम्मान, शिक्षा और बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। समाज को अशिक्षा, कट्टरपंथ और पुरानी जकड़नों से बाहर आना होगा।'

### दो सवाल, जिन पर मुस्लिम समाज को आत्ममंथन करना चाहिए :

1. नेतृत्व का चुनाव-क्यों डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति जैसी हस्तियाँ बड़े पैमाने पर मुस्लिम समाज से नहीं निकलीं, और इसके स्थान पर अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, तस्लीमुद्दीन और शाहबुद्दीन जैसे अपराधियों को नेता बनाया गया?

2. प्रगति या पतन-क्यों दुबई जैसे देश शिक्षा और विकास से विश्वस्तरीय मॉडल बन गए, जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान चरमपंथ और अस्थिरता में फंसे हैं?

### डॉ. राजेश्वर सिंह ने अंत में कहा:

'भारत को आज ऐसे प्रगतिशील और अग्रगामी मुस्लिम समाज की आवश्यकता है, जो शिक्षा, रोजगार और सुधार की राह पर चले। सच्चा नेतृत्व वही है जो प्रेरणा दे, आत्ममंथन करे और समाज को कट्टरपंथ से बाहर लाकर तरक्की की ओर ले जाए।'

---

# पाकिस्तानियों के भी बनाए गए भारतीय पहचान पत्र, एटीएस ने दस को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के प्रयास में लगे लोगों के मंसूबों पर लगातार पानी फिर रहा है। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने घुसपैठियों के जाली पासपोर्ट, आधार व अन्य भारतीय दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के दो और सक्रिय सदस्यों अक्षय सैनी व तालिब अंसारी को शुक्रवार को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है।

गिरोह के सदस्यों ने पाकिस्तानियों के भी कूटरचित आधार कार्ड, पासपोर्ट व अन्य भारतीय पहचान पत्र बनाए थे। अंतरराज्यीय गिरोह का नेटवर्क राजस्थान, महाराष्ट्र व उत्तराखंड में भी फैला होने की जानकारी सामने आई है। उत्तर प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों में गिरोह का नेटवर्क फैला हुआ था। गिरोह फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए दो हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक वसूलता था। इस गिरोह के कब्जे से बरामद 22 लैपटाप का डाटा खंगाला जा रहा है। एटीएस ने पकड़े गए कुल 10 आरोपितों को लखनऊ के विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एटीएस सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेने के लिए सोमवार को कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगा। सूत्रों का कहना है कि गिरोह के पास से आधार सेवा के सरकारी लैपटाप भी मिले हैं। गिरोह रबर के जाली फिंगर प्रिंट भी रखता था। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार गिरोह का मास्टरमाइंड आजमगढ़ का मुहम्मद नसीम है। छानबीन में सामने आया है कि गिरोह के सदस्यों ने जनसेवा केंद्रों में अस्थायी रूप से नौकरी करके पहले आधार बनाने की पूरी प्रक्रिया जानी थी। इसके बाद कुछ सदस्यों ने जनसेवा केंद्र संचालकों के यूजर आइडी व पासवर्ड चोरी कर लिए थे। आइ स्कैन के लिए आंखों की पुतली की फोटो रखते थे। दलालों के जरिये घुसपैठियों से संपर्क कर उनके जाली आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाए जाते थे। गिरोह के सदस्य एक राज्य से दूसरे राज्य में मूवमेंट भी करते रहते थे। वर्ष 2023 के बाद 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार सीधे बनाने पर रोक लगी थी। गिरोह फर्जी आयु प्रमाणपत्र के आधार पर उम्र 18 वर्ष से कम दर्शाकर भी कई आधार कार्ड बना चुका था। आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से गिरोह की और गहनता से छानबीन कराई जा रही है।

एटीएस ने गुरुवार को उप्र के अलावा दिल्ली, एनसीआर, बिहार व बंगाल में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के अलावा पाकिस्तानियों, नेपाली व भारतीय नागरिकों के कूटरचित आधार कार्ड, पासपोर्ट व अन्य भारतीय दस्तावेज बनाने के मामले में आठ आरोपितों- आजमगढ़ निवासी मुहम्मद नसीम, मुहम्मद शाकिब व विशाल कुमार, मऊ निवासी हिमांशु राय व मृत्युंजय गुप्ता, गाजियाबाद निवासी सलमान अंसारी, औरैया निवासी गौरव कुमार गौतम तथा गोरखपुर निवासी राजीव तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरोह लगभग दो वर्ष से सक्रिय था। आरोपितों के बैंक खातों व अन्य तथ्यों की भी छानबीन की जा रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गिरोह ने कितने घुसपैठियों के जाली आधार कार्ड बनवाए हैं, कितनों के पासपोर्ट व अन्य भारतीय दस्तावेज बनवाए गए थे।

---

# किसान के घर में हुई चोरी के मामले में एक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बुधवार रात एक किसान के घर में हुई चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के गहने भी बरामद किए हैं। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन के मुताबिक बिजनौर के सरवन नगर खेरवा निवासी किसान जैकी कुमार ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार रात वह परिवार सहित घर में सो रहे थे। तभी छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोर कमरे के अंदर संदूक में रखे करीब 2 लाख रुपये कीमत के गहने उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का पता लगाया जा रहा था। तभी गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में अलीनगर खुर्द स्थित किसान पथ अंडरपास के पास एक चोर मौजूद है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे मौके से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी शुभम रावत बताया। पुलिस का कहना है कि उसके पास से चोरी के चांदी की एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, सोने की एक चैन, एक लॉकेट, बच्चों के चांदी के एक जोड़ी पायल और एक मोबाइल बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस ने बरामद सामान को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।


---

# बहन के गांव में भाई ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात अज्ञात कारणों के चलते शटरिंग मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

माल थाना के पतौना निवासी संतराम के साले रहीमाबाद के भतोइया गांव निवासी प्रेम गौतम (25) ने अज्ञात कारणों के चलते बृहस्पतिवार रात पतौना गांव के किनारे छोटक्के के आम के बाग में गमछे से फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को घर पहुंचा शव तो परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया । मिली जानकारी के अनुसार प्रेम गौतम बहनोई संतराम के यहां रहकर शटरिंग का काम करता था बृहस्पतिवार शाम को मोबाइल घर मे छोड़कर बिना बताए घर से चला गया था। सूत्रों के मुताबिक संतराम ने इधर-उधर तलाश की परंतु कुछ पता नहीं चला करीब 8 बजे पता चला कि घर से 300 मीटर दूर आम के बाग में पेड़ से गमछे के सहारे प्रेम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक प्रेम के एक पड़ोसी ने बताया की रात 11 बजे संतराम ने सूचना दी की प्रेम 6 बजे से गायब है हम लोग लगभग 12 बजे संतराम के गांव पहुंचे तब भी संतराम प्रेम के गायब होने की बात बताता रहा ।कड़ाई से पूछने पर उसने सच कबूला और घटना स्थल पर ले गया जहाँ प्रेम का शव जमीन पर पड़ा मिला था शरीर मे कई जगह चोट के निशान थे। रात लगभग एक बजे पुलिस पहुंची तब भी शव जमीन पर पड़ा मिला और पेड़ से लटका गमछा बीच से फटा हुआ था। परंतु पुलिस ने यह सब नकारते हुए पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैतृक गांव में अंतिम संस्कार के बाद मृतक प्रेम के परिजनों ने किसी साजिश के तहत दबी जुबान से हत्या की आशंका जाहिर की है। मृतक प्रेम के परिवार में पिता ललतू माता लीलावती, बड़ा भाई बुद्धीलाल, भाभी सुमन, भतीजी नेहा, तीन विवाहिता बहने गुड्डी, अनीता और पियारा है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मृतक प्रेम फाइल – फोटो

---

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो बंदरों की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दूधाधारी मंदिर के पास से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से करंट से दो बंदरों की मौत हो गई। बंदर की मौत से लोग सहम गए। लोगों का कहना है कि गांव में 11 केवी लाइन का तार लोगों की छतों से होकर गुजरा है। ऐसे में ग्रामीणों के लिए भी हमेशा खतरा बना रहता है। काकोरी विद्युत उपकेंद्र से बिजली की सप्लाई होती है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के तिलसुवा गांव में शुक्रवार दोपहर को पोल के आसपास कूद रहे बंदर अचानक ग्यारह केवी लाइन पर करंट की चपेट में आ गए करंट की चपेट में आने से दो बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। बंदरों की मौत से लोग सहम गए. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे पेड़ो की डालों के बीच से बिजली हाईटेंशन लाइन का तार गया है। जो काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को खतरा बना रहता है। जर्जर झूल रहे तारों को सही कराने के लिए कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की गई. लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

---

# संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत, पति व ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने उसकी ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जबकि ससुराल वाले बीमारी से मौत होना बता रहे हैं। वहीं पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। सरोजनी नगर के बेहसा निवासी वसीम उर्फ पप्पू के मुताबिक उसकी बेटी नरगिस (20) की शादी बीती 19 जनवरी 2025 को सरोजनी नगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी स्व. नईम के बेटे रेहान खान के साथ हुई थी। पप्पू का आरोप है कि दहेज में बाइक व रुपयों की मांग को लेकर उसका पति और ससुराल वाले अक्सर उसकी पिटाई करते रहते थे। जिस पर कई महीने पहले इसकी शिकायत सरोजनी नगर पुलिस से की गई थी। तब पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। इसके बाद नरगिस रेहान के साथ रहने लगी। पप्पू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे उन्हें जानकारी मिली कि बेटी नरगिस की तबीयत खराब है। इस पर वह अपने बेटे के साथ नरगिस का हालचाल लेने उसकी ससुराल अवध विहार कॉलोनी पहुंचे। लेकिन वहां पहुँचते ही देखा कि नरगिस को उसकी ससुराल वाले बेहोशी की हालत में लोक बंधु अस्पताल ले जा रहे हैं। यह देख पप्पू भी अपने बेटे के साथ उनके पीछे-पीछे अस्पताल पहुंचा। लेकिन वहाँ पहुँचते ही डॉक्टरों ने नरगिस को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतका नरगिस के पिता ने उसके पति व ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि ससुराल वालों का कहना है कि नरगिस टीबी की मरीज थी और उसका बीमा अस्पताल से इलाज भी चल रहा था। मारने पीटने का आरोप गलत है। बीमारी के चलते ही उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने रेहान को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मृतका के मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन शुरूआती जांच में बीमारी से उसकी मौत होने का पता चला है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। साथ ही तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

# ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, पीछे से आए वाहन ने रौंदा, ट्रॉमा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ड्यूटी करके वापस घर लौट रहे बाइक सवार को ई-रिक्शा ने साइड से टक्कर मार दी जिससे युवक सड़क पर जा गिरा पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे तुरंत एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र महगांवा निवासी दिनेश अवस्थी (45) लखनऊ आलमबाग में एक निजी स्कूल में स्कूली वाहन चलाते हैं, वह शुक्रवार रात को ड्यूटी बाइक से सवार होकर अपने घर लौट रहे थे तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पाठकगंज महमूद नगर गांव के पास पहुंचते ही रात के अंधेरे में ई-रिक्शा ने साइड से उसे टक्कर मार दी जिससे वह छिटककर बीचों बीच सड़क पर जा गिरा वहीं पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. जबकि अज्ञात वाहन उसे रौंद कर मौके से भाग निकला ग्रामीणों ने उसे तुरंत एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने घायल अवस्था में दिनेश अवस्थी को आनन फानन ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया घायल दिनेश की हालत गंभीर देख उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से वाहन की तलाश की जा रही है।



अस्पताल में घायल अवस्था में दिनेश

---

# तेंदुए ने बछिया को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहमानखेड़ा जंगल में एक बार फिर तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुवार दोपहर को मलिहाबाद के सहिलामऊ निवासी आशीष यादव धोबिनिया नाला के पास टेरिस क्षेत्र में पशु चरा रहे थे। वह पशुओं को छोड़कर करीब 50 मीटर दूर एक बाग की छाया में बैठ गए।

एक घंटे बाद जब आशीष पशुओं को वापस लेने गए तो एक बछिया गायब मिली। खोजते हुए थोड़ी दूर जाने पर उन्होंने देखा कि एक तेंदुआ बछिया को मारकर उस पर बैठा हुआ था। यह देख वह दंग रह गए आशीष तुरंत वहां से भागे और बाकी पशुओं को लेकर गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। आशीष के मुताबिक तेंदुआ करीब एक साल का था। अगली सुबह जब वह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तो बछिया का अधिकांश हिस्सा खाया हुआ मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बीते मार्च माह में इसी इलाके में एक बाघ ने दहशत फैला रखी थी। वह करीब तीन महीने तक जंगल में रहा। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ा था। अब तेंदुए की मौजूदगी से एक बार फिर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इस संबंध मे वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि उन्हें अभी तक इस घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है।



मृत अवस्था में पड़ी बछिया – फोटो

---

# यूपी में 2,565 नई सड़कों का होगा निर्माण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 2,565 मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी है। 18,938 किलोमीटर कुल लंबाई वाली इन सड़कों के निर्माण पर 14,638.72 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उप्र ग्राम्य सड़क अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अखंड प्रताप सिंह के अनुसार स्वीकृत मार्गों में से 5820.796 किमी कुल लंबाई के 747 मार्ग फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक के हैं, इनमें से अब तक पांच हजार किमी मार्गों का निर्माण पूर्ण हो गया है, जबकि 5,220 किमी का एफडीआर कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा अब तक वेस्ट प्लास्टिक के साथ 630 किमी मार्गों के नवीनीकरण का कार्य हो चुका है। नवीनीकरण में 710 टन वेस्ट प्लास्टिक प्रयोग किया गया है। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़कों के निर्माण का मौके पर लगातार निरीक्षण करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



---

# जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बेटे का प्रोटोकाल जारी करने वाले निजी सचिव को हटाया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बेटे अभिषेक सिंह का बिना किसी पद के प्रोटोकाल संबंधी पत्र जारी करने के मामले में अपने निजी सचिव आनंद कुमार को हटा दिया है। निजी सचिव ने जालौन डीएम और एसपी को प्रोटोकाल के लिए पत्र लिखा था। कहा गया था कि अभिषेक सिंह के आने-जाने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इंटरनेट मीडिया पर निजी सचिव का संबंधित पत्र प्रसारित होने पर सरकार से लेकर भाजपा नेतृत्व तक ने नाराजगी जताई। इसके बाद स्वतंत्र देव ने अपने निजी सचिव आनंद कुमार को हटा दिया। हालांकि, देर रात तक सचिवालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आदेश जारी नही हुआ है।

मंत्री के बेटे को प्रोटोकाल संबंधी पत्र 14 अगस्त को लिखा गया था। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उरई में आयोजित तिरंगा यात्रा में अभिषेक सिंह शामिल हुए थे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में एक गनर तैनात किया गया था। बिना किसी पद के मंत्री के बेटे को प्रोटोकाल पर सपा ने भाजपा व मंत्री को घेरा है।

इंटरनेट मीडिया पर लिखा...भाजपा एक तरफ वीआइपी कल्चर घटाने और परिवारवाद खत्म करने की बात और दावे करती है जबकि सत्ता में आते ही इनका परिवारवाद और वीआइपी कल्चर किस कदर उत्पात और तांडव कर रहा है, यह सबके सामने है।

जालौन में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के बेटे अभिषेक सिंह को वीआईपी प्रोटोकॉल देने का मामला सामने आया है। उनके निजी सचिव ने डीएम और एसपी को पत्र लिखकर अभिषेक सिंह को विशेष सुविधा देने का निर्देश दिया, जबकि वह किसी राजनीतिक या संवैधानिक पद पर नहीं हैं। पूरा मामला 15 अगस्त से जुड़ा है। स्वतंत्रता दिवस पर उरई में आयोजित तिरंगा यात्रा में अभिषेक सिंह शामिल होने आए थे। आयोजन के मद्देनजर जल शक्ति मंत्री के निजी सचिव ने प्रशासन को निर्देशित करते हुए प्रोटोकॉल का पत्र भेजा। इसमें स्पष्ट किया गया था कि जिले में मंत्री की तरह अभिषेक सिंह को भी सुरक्षा, स्वागत और अन्य सुविधाएं दी जाएं।

## संक्षेप

### सात पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया गया फेर बदल

उन्नाव। बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर एसपी दीपक भूकर ने कड़ी कार्रवाई की है। पिछले 24 घंटों में सात पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। औरास थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर भुवन सिंह मौर्य को क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने में विफल रहने पर निलंबित कर दिया गया है। गंगाघाट कोतवाली के सिपाही आकाश तोमर को सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो के कारण लाइन हाजिर किया गया है। डीसीआरबी में तैनात इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह को औरास थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र को डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है।पुलिस लाइन से तीन इंस्पेक्टर अनुराग सिंह, ज्ञान प्रकाश तिवारी और अवनीश कुमार सिंह को अनावरण एवं विवेचना शाखा में स्थानांतरित किया गया है। इन्हें लंबित मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने का दायित्व सौंपा गया है। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रुपयों के लेनदेन को लेकर की मारपीट

उन्नाव। पुरवा कस्बे में उधार के पैसों को लेकर हुए विवाद में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हरी शुक्ला अपने 50 हजार रुपये की उधारी मांगने गए थे। इस दौरान हर्ष साहू, गगन ठाकुर और आदर्श सोनी ने उन पर हमला कर दिया। घटना पश्चिमटोला स्थित शुक्ला बेकरी के पास हुई। आरोपियों ने हरी शुक्ला और उनके दोस्त अजयकांत को घेर लिया। तीनों ने चाकू और असलहे की बट से हमला किया। अजयकांत की आंख और सिर पर चोट आई। हरी शुक्ला को भी पीटा गया।राहगीरों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। उन्होंने कहा कि अगली बार गोली मार देंगे। आरोपी अपनी बुलेट बाइक छोड़कर चारपहिया वाहन से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं। वे पहले भी लोगों को धमकाते रहे हैं। पुलिस टीम की गई गठित अजयकांत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी और हरी शुक्ला को जान का खतरा है। सीओ पुरवा टीपी सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है और जल्द ही उन्हें पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अपनी मांगों को लेकर किसान यूनियन के कार्यकर्ता करेंगे धरना प्रदर्शन

बीघापुर, उन्नाव। किसानों की समस्या व अन्ना जानवरों की समस्या को लेकर किसान यूनियन 25 अगस्त दिन सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की दी जानकारी भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि किसानों की समस्या व आवारा जानवरों की समस्या को लेकर किसान यूनियन जिला संगठन ब्लॉक मुख्यालय बीघापुर में धरना प्रदर्शन करेगा।

# बाढ़ ने बढ़ाया अपना आकार, घरों में घुसा पानी

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। गंगा नदी की बाढ़ से कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्राम कटरी गदनपुर आहार के करीब एक दर्जन मजरे बाढ़ की विभीषिका की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी घरों के अंदर दाखिल हो गया है।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के मजरा दुल्ला पुरवा,हरीगंज, धन्ना पुरवा, भिखार पुरवा व नया पुरवा तथा फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा व कुशाल पुरवा टापू में तब्दील हो गए हैं और गलियों नदी की धाराएं बहने लगी हैं। इन सभी मजरों के किसानों की सैकड़ों बीघा खरीफ और सब्जियों की फसलें गंगा बाढ़ की भेंट चढ़ गई है।

ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के पूर्व ग्राम प्रधान पप्पू निषाद ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा गंगा कटान और बाढ़ का पानी मजरों में जाने से रोकने तथा फसलों को बचाने के लिए गंगा की उपधारा में बांध का निर्माण कराया गया था। किंतु बांध का कुछ हिस्सा अधूरा रह गया था। जिसमें मिट्टी भरी बोरियां जमा कर बाढ़ का पानी रोकने की कोशिश की गई थी। किंतु अचानक गंगा की तेज धार से बंधा ध्वस्त हो गया।



बंधा टूट जाने से अब ग्राम कटरी गदनपुर आहार के अन्य मजरे अहिरन पुरवा और चौगवां भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। स्थित इतनी विकराल हो चली है कि आज गंगा बाढ़ का पानी तेजी से पड़ोसी गांव लोकइया पुरवा और बद्री पुरवा की ओर तेजी से पहुंचने लगा है।

इधर ग्राम फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा और कुशाल पुरवा गंगा बाढ़ के पानी से पहले से ही घिरे हुए हैं और दोआबा क्षेत्र को जाने वाले डामरीकृत संपर्क मार्ग पर कमर तक पानी की धारा चल रही है।

हालांकि तहसील प्रशासन बाढ़ से घिरे गांवों के ग्रामीणों की मदद को मुस्तैद हैं। फिर भी इन सभी गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा धान, मक्का, ज्वार आदि खरीफ की फसलों के अलावा सैकड़ों बीघा सब्जियों की खेती बाढ़ के पानी से बर्बाद हो गई है।

# घर से भागे युवक को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के गांव गढ़ी करमली से चार दिन पूर्व अचानक गायब हुए 24 वर्षीय शटरिंग मजदूर सचिन को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पनकी,कानपुर से सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस की पूछताछ में सचिन ने बताया कि वह किसी युवती से बात करता था।जिसका परिजन विरोध कर रहे थे।इसी बात से नाराज होकर सचिन ने परिजनों को परेशान करने के लिए बिना कुछ बताए अचानक गायब हो गया था।सचिन ने बुधवार दोपहर के किसी मोबाइल नंबर से पिता रामविलास को फोन किया था।पुलिस ने उक्त नंबर को सर्विलांस की मदद से ट्रेस किया तो लोकेशन पनकी,कानपुर की मिली।जिसपर पुलिस उस लोकेशन पर पहुंची तो सचिन को सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस सचिन को थाने लाई है।बताते चले कि 18 अगस्त को सचिन बाइक से बिजनौर, लखनऊ के लिए निकला था।सोहरामऊ क्षेत्र के गांव नया खेड़ा के पास सचिन की बाइक सई नदी किनारे पड़ी मिली थी।स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की थी। एसओ निखलेश कुमार ने बताया कि सचिन परिजनों को परेशान करने के लिए चला गया था।मोबाइल लोकेशन से उसका पता लगाकर कानपुर से उसे सकुशल बरामद कर लिया गया है।




# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। मेला देख कर आए युवक का शव घर के बरामदे में रस्सी से लटकता मिला,पत्नी ने शव लटकता देख बदहवास हो गई।पिता ने पुलिस को मौत की सूचना दी। कोतवाली क्षेत्र मलझा गांव निवासी शिशुपाल मौर्य 26 वर्ष पुत्र संतपाल गुरुवार रात गांव में मेला देख कर रात दो बजे घर आया और बरामदे में सो गया ,सुबह पत्नी उठी तो पति का शव रस्सी से लटकता देख बदहवास हो गई, पिता ने पुलिस को मौत की सूचना दी, मृतक के कोई पुत्र नहीं था,मृतक दो भाईयो में दूसरे नंबर का था छोटा भाई ऋषि पाल , चंपक सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए।मृतक के पिता के अनुसार पति पत्नी में किसी बात को लेकर रात ने विवाद हुआ था,मृतक किसानी करता था। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि परिजनो ने किसी प्रकार का कोई आरोप नही लगाया है शव का खेत में अंतिम संस्कार हो गया है।

# राज्य सभा सांसद पहुंचे अपने पैतृक गांव, विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। राज्य सभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत बाजपेई अपने पैतृक गांव चिलौली पहुंचे जहां उन्होंने अपनी निधि से कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनी व अन्य विकास कार्यों को कराए जाने की बात कही। राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत बाजपेई अपने पैतृक गांव चिलौली शुक्रवार सुबह 9 बजे पहुंचे और लगभग डेढ़ घंटे तक गांव में रहे। गांव पहुंच कर कुलदेवी फूलमती माता में पूजन अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की, उसके बाद उन्होंने अपनी निधि से बनवाए गए ओपन जिम का निरीक्षण किया वहीं गांव में बनवाई गई 17 इंटरलॉकिंग सड़कों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने गांव वालों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी।



ग्रामीणों ने स्वास्थ्य के संबंध में आने वाली दिक्कतों को बताया राज्यसभा सांसद ने प्रधान अनूप बाजपेई से कहा कि 3000 स्क्वायर फीट जमीन उन्हें उपलब्ध कराएं तो स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने गांव की लड़कियों के लिए एनएसडीसी की व्यवस्था कराई जाने की बात कही। किसानों ने तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ से प्रभावित गांवों में पर्याप्त मदद न होने की बात कही। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एसडीएम से बात कर तत्काल समस्या का समाधान कराया जाएगा। किसी भी बाढ़ पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार उनके साथ खड़ी है। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता गंगा कृष्ण मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता रविशंकर शुक्ल, एसडीएम रणवीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, अमित शुक्ला, आशुतोष बाजपेई, रोहित तिवारी, राम सागर गौतम, संतोष पासवान, बबलू बाजपेई, शैलेश तिवारी आदि रहे।

# कुख्यात अपराधी को 6 माह के लिए किया गया जिला बदर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने शुक्रवार को कुख्यात अपराधी अंशू गुप्ता उर्फ अमित कुमार गुप्ता को छह महीने के लिए जिला बदर कर दिया। गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के बाद कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पहुंचे। उन्होंने डुग्गी बजवाकर आदेश की उद्घोषणा की। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। प्रशासन ने यह कार्रवाई अपराध पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहेगी। पुलिस विभाग ने कहा है कि आगे भी अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल लोगों को कोई छूट नहीं दी जाएगी। जिला बदर की कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश है कि अपराधियों को कानून का पालन करना होगा।



# एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में राजस्व अधिकारियों एवं लेखपालों का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन एसडीएम की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारियां साझा की।

शुक्रवार को स्थानीय तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लेखपालों, रजिस्ट्रार कानूनगो व राजस्व निरीक्षकों का प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार ने धारा 24 व राजस्व संहिता की व्यवस्था एवं नियमावली पर अपने विचार साझा किए। राजस्व निरीक्षक हरि श्याम ने धारा 152 बीएनएस का वर्णन किया और इसकी उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रश्न भी पूछे गये। अंत में तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने जनता से व्यवहार व वातार्लाप पर अपने विचार रखे।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि अगले माह धारा 25, 38 व 116 पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।




# श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम राज्जाकपुर में स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा वाचक शास्त्री वेदपाल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का की जा रही है श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के पुजारी देवराज पाल की अगुवाई में किया जा रहा है। आयोजन में शामिल ग्राम राज्जाकपुर के बाला जी महाराज के श्रीमद् कथा का आयोजन में शामिल राज कुमार, नीरज पाल ,राजेंद्र कुमार ,विवेक ,शोभित, अमन मोहित ,राहुल, जयराम, संदीप आदि लोग शामिल रहे। दिनांक 23 तारीख को भंडारे का आयोजन किया गया।

# अपनी मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। औरास ब्लाक में तैनात ग्राम रोजगार सेवको में राकेश कुमार सिंह, राजपाल, सुशील कुमार, अनिल कुमार , प्रमोद कुमार, विनीता देवी सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवकों ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी को संबोधित करते हुए एड़ीओ एग्रीकल्चर को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों का कहना है। कि हम सभी लोग मनरेगा का कार्य देखते है । जहाँ मनरेगा कार्यो में दोनों टाइम लेवरो की हाजरी लगानी पड़ती है। जिसके कारण एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कर पाना सम्भव नही है । इन रोजगार सेवकों को क्रॉप सर्वे में लगा दिया गया है। रोजगार सेवकों की मांग है कि जॉब चार्ट में अन्य कार्य जोड़े जाने पर पारिश्रमिक व मोबाइल बढ़ा दिया जाय। जिससे हम लोगो को कार्य करने में आसानी रहे।

# ट्रैफिक जाम को देखते चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने गुरुवार शाम को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़े चौराहे से गांधी नगर तिराहे तक की कार्रवाई में नगर पालिका और प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाया। नगर पालिका की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर सड़क पर फैले दुकानदारों के कब्जे, अवैध ठेले और फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया। टीम को देखते ही कई दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान हटा लिया। कुछ जगहों पर बल प्रयोग करना पड़ा।नगर पालिका के ईओ ने कहा कि बड़े चौराहे से गांधी नगर तिराहे तक सड़कों पर अवैध अतिक्रमण से आवागमन बाधित हो रहा था। राहगीरों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कुछ व्यापारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की। वहीं आम नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया। उनका कहना था कि इससे यातायात सुचारू होगा। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान पर्याप्त बल तैनात था। इस वजह से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। शहरवासियों का मानना है कि नियमित कार्रवाई से जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



# भदई अमावस्या पर गंगा स्नान को लेकर की गई बैठक



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। पुलिस चौकी बक्सर में भदई अमावस्या मेला को लेकर बैठक की गई मां चंडिका देवी धाम प्रतिवर्ष होने वाले मेला को लेकर के मीटिंग बताया गया गंगा नदी का पानी अत्यधिक बढ़ जाने के कारण सभी वालंटियर को लेकर के मीटिंग हुई बैठक में क्षेत्राधिकारी मधुनाथ मिश्रा व बारासगवर थाना इंचार्ज धर्मेंद्र नाथ मिश्रा चौकी इंचार्ज राजेंद्र मिश्रा व तहसीलदार विजय रंजन कानून को अजय सिंह मौजूद रहे पूरे वालंटियर मौजूद रहे सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने नमामि गंगे घाट पर जाकर निरीक्षण किया और मां चंद्रिका देवी धाम घाट पर निरीक्षण किया।

# गंगा पुल से गंगा नदी में कूदा किशोर, तलाश जारी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। कानपुर के किदवई नगर का रहने वाला 16 वर्षीय अयान गुरुवार देर रात गंगा पुल से नदी में कूद गया। पुल पर उसका मोबाइल फोन मिला है। राहगीरों ने किसी को पुल से कूदते देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पीआरवी 6568 और गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से स्टीमर द्वारा किशोर की तलाश की जा रही है। किशोर की पहचान परम पुरवा निवासी सिराजुद्दीन के बेटे अयान के रूप में हुई है।गंगाघाट थाना प्रभारी पी. के. मिश्रा ने बताया कि बचाव दल लगातार तलाश में जुटा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पुल पर एकत्र हो गए। पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। परिजनों को सूचना दी गई। वे घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और बेटे की सलामती की दुआ कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होनी चाहिए। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जब तक किशोर का पता नहीं चल जाता, बचाव अभियान जारी रहेगा।

# जहरीले कीड़े के काटने से किशोरी की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पासा खेड़ा में दीपक साहू की 10 वर्षीय बेटी गौरी की जहरीले कीड़े करेठ के काटने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 3 बजे की है। गौरी अपने माता-पिता और छोटे भाई आनंद के साथ कमरे में सो रही थी। रात में करवट लेते समय उसका हाथ बेड से नीचे लटक गया। इसी दौरान करेठ ने उसकी अंगुली में काट लिया। खून बहने पर गौरी ने परिवार वालों को जगाया। परिजनों ने आसपास देखा तो जहरीला कीड़ा करेठ दिखाई दिया। परिवार वाले तुरंत उसे पहाड़पुर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरी कक्षा 5 की छात्रा थी। वह दो भाई-बहनों में बड़ी थी। उसका छोटा भाई आनंद उर्फ सकठू है। इस घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है।



## सम्पादकीय

# दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति से दूर होगी भारत की चिंता

अधिकतर मौके पर भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण ही रहते हैं। लंबे अर्से से जारी सीमा विवाद के चलते चीन भारत के लिए भरोसेमंद नहीं है। लेकिन हाल में ट्रंप 2.0 काल में अमेरिका ने भारत से अदावत शुरू की तो चीन भारत के करीब आने लगा है। चीन को भारत की विशाल कंज्यूमर ताकत का एहसास है। एक समय भारत और अमेरिकी की गहरी होती बॉन्डिंग से चीन असहज महसूस कर रहा था, अब अमेरिका का एकतरफा भारत के खिलाफ शुरू किया गया दुश्मन सरीखा व्यवहार चीन को भारत से संबंध सुधारने का अवसर दे रहा है। अभी जब भारत डिजिटल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो, ड्रोन समेत रक्षा उपकरण व सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो चीन ने इन उद्योगों में अनिवार्य उपयोगी रेयर अर्थ मेटल्स (दुर्लभ मृदा खनिजों) की आपूर्ति जुलाई से भारत को बंद कर दी। हालांकि भारत ने विकल्पों पर काम करना शुरू किया, लेकिन चीन के साथ भी वार्ता जारी रखी। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र के ग्रोथ को बाधित करने के लिए कच्चे माल को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना उचित नहीं है। अब भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। अगर चीन इस पर अमल करता है और भारत को रेयर अर्थ मेटल्स खासकर मैग्नेट की आपूर्ति की बाधाएं दूर करता है, तो नई दिल्ली की बड़ी चिंता दूर होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को रखा और चीन ने इनका समाधान करने का वादा किया है। चीन भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को पूरा करेगा। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है। भारत व चीन अगर अपने संबंध सुधार कर सामान्य स्तर पर लाते हैं, जिसमें विश्वास बहाली हो, ट्रेड हो, तो ब्रिक्स के मजबूत होने के साथ एशिया के आर्थिक, व्यापारिक व सामरिक परिदृश्य बदल सकते हैं। पश्चिमी हथियार निर्माता लॉबियों की ओर से पैदा किए गए तनावों के चलते एशियाई देशों का बहुत अधिक पैसा अस्त्र-शस्त्र पर खर्च होता है, जिसकी बचत से विकास व गरीबी उन्मूलन में मदद मिल सकती है। भारत की रेयर अर्थ मेटल की करीब 85 फीसदी जरूरतें चीन से आयात पर निर्भर हैं। भारत में 69 लाख मीट्रिक टन का भंडार है, लेकिन उत्पादन क्षमता सीमित है। सरकार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड और कर्नाटक में रेयर अर्थ मेटल्स के भंडार की खोज को बढ़ावा दे रही है। विशाखापत्तनम में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्लांट लगाया है। 2030 तक भारत की मांग 7,000 टन से भी ज्यादा हो सकती है। नियोडिमियम-प्रसीओडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड और एनडीएफईबी मैग्नेट्स के लिए लंबे समय तक कीमतों की गारंटी देने, खनिज समृद्ध राज्यों में उत्पादन व शोध को बढ़ावा देने के लिए छोटे हब बनाने, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड की प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाने, एक राष्ट्रीय मैग्नेट भंडार बनाने व चीन के अलावा दूसरे देशों से आयात करने व वहां निवेश करने जैसे कदमों से दुर्लभ खनित के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। चीन से आयात जारी रहने पर भारत को समय मिल जाएगा।



सुप्रीम चेतावनी

क्षमा शर्मा



# नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत

**अर्थव्यवस्था**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की और नये सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार आर्थिक विकास में वृद्धि हेतु मिशन मोड में आ चुकी है। अब सरकार के मंत्रालयों ने अगले 100 दिनों में लिए जाने वाले संभावित बड़े आर्थिक फैसलों पर काम करना शुरू कर दिया है। इन फैसलों में चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों को नरम करना, ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब की शुरुआत, चमड़ा उद्योग के लिए पर्यावरण नियम में छूट, स्टार्टअप को टैक्स में और छूट, तंबाकू व फार्मा व्यापारी के पंजीयन नवीनीकरण की समय सीमा को बढ़ाना और औद्योगिक मंजूरी के पोर्टल को और अपडेट करना शामिल है।

वित्त मंत्रालय भी अगले 100 दिनों में जीएसटी का नया वर्जन लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। वस्तुतः भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार-कारोबार बढ़ाने और एफटीए के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक ओर जब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और इसी वर्ष भारत दुनिया की चौथी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक आर्थिक संगठन भारत के तेज विकास की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) का नया आकलन जारी किया है। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अनुमान



लगाया है कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ इसी तरह की राय दुनिया की तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी और फिच ने भी जताई है। स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। कई और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। महंगाई दर घटने से विकास को गति मिल रही है। लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में महंगाई के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण अच्छा मानसून बेहतर कृषि उत्पादन भी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को चौथी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह समय भारत के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ है, जब अमेरिका के द्वारा अधिक टैरिफ लगाए जाने से भारत के लिए अमेरिका का बाजार सीमित हो रहा है, तब भारत एफटीए के माध्यम से निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए नए बाजार खोलने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि दुनिया के कई देश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर भारत के साथ एफटीए के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अब वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। हम उम्मीद करें कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई आर्थिक घोषणाओं और ट्रंप टैरिफ से निर्मित आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतिक प्रयासों से भारत विकास की डगर पर लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

# स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं । आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं।

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित

**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित

**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकड़जाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

*- गिरीश नायक, बागबहरा*

## ट्रेंड

### हवाईअड्डे का विकास



केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां



हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### क़ानून-व्यवस्था ठप



दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया।



## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी।



इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत:शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है।

संक्षेप

## तेंदुए ने गोवंश को उतारा मौत के घाट, दहशत में ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। तेंदुए के हमले में गौ वंश की हुई मौत, वनकर्मी तैनात।खबर है कि जिले के वन क्षेत्र नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा बेहननपुरवा गांव निवासी असगर की रास्ते पर बंधे गौ वंश को तेंदुए ने आज शुक्रवार को मौत के घाट उतार दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे नानपारा व मोतीपुर वन रेंज के वन कर्मियों ने गोले पटाखे फोड़ते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया है। बीते दिन भी रामपुर धोबिया निवासी मोनू पुत्र रामलाल ने गांव से सेट सुरेश कुमार वर्मा के खेत में लगे सेमल के पेड़ पर तेंदुए को बैठा देखा। डरते हुए उसने उसकी एक तस्वीर खींच ली और गांव जाकर लोगों को बताया। जिस पर तेंदुए को देखने के लिए भीड़ लगने लगी। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों के भगाने पर वह भागा। वैसे भी इस क्षेत्र में हिंसक जीवों के आने की प्रायः ही खबरें मिलती रहती हैं।वहीं घटना के संबंध में वन क्षेत्राधिकारी नानपारा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र नानपारा तथा मोतीपुर वन रेंज का सीमांचल क्षेत्र है। घटनास्थल पर नानपारा सहित मोतीपुर वन रेंज के वनकर्मी भी मौजूद हैं। ग्रामीणों से सूचना मिली है- मौके पर टीम को लगा दिया गया है, क्षेत्र नानपारा मोतीपुर रेंज का सीमाक्षेत्र है व जंगल क्षेत्र से सटा हुआ है, अतएव हिंसक जीवों का आवागमन स्वाभाविक बात है। हालांकि ग्रामीणों को कोई नुकसान ना हो इसके लिए टीम प्रयासरत है। गोला पटाखा फोड़ कर क्षेत्रवासियों को जागरूक किया जा रहा है।

## अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

### 62 लीटर कच्ची शराब बरामद; एक तस्कर गिरफ्तार

सुलतानपुर, आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक डॉ. संजय कुमार उपाध्याय और गोसाईगंज थाना के उपनिरीक्षक भरत सिंह की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। टीम ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी की। इनमें फतेहपुर, संगत छपरा, हवा बरुई निषाद बस्ती और पांडेपुर बरौसा शामिल हैं।

## जन्मदिन पार्टी पर तलवार से केक काटा

### अंबेडकर पार्क में युवकों ने एक घंटे तक किया हथियारों का प्रदर्शन; पुलिस जांच शुरू

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के बेलासदा गांव के अंबेडकर पार्क में सोमवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान कुछ युवकों ने तलवार से केक काटकर कानून का उल्लंघन किया। युवकों ने करीब एक घंटे तक पार्क में तलवार और अन्य हथियारों का प्रदर्शन किया। घटना में शामिल मुख्य लोगों की पहचान जितेंद्र कुमार (राम अवध के पुत्र), नीरज कुमार, आनंद कुमार (बेचू राम के पुत्र), एलियन, सनी (राम तीरथ के पुत्र, सराय अचल निवासी) और प्रदीप कुमार (भांडोले के पुत्र, बेलसदा निवासी) के रूप में हुई है।

# जन्माष्टमी प्रतिमा विसर्जन पर बड़ा हादसा, हाईटेंशन तार की चपेट में आया जुलूस, 14 घायल

## डीएम व एसपी ने मौके पर जाना घायलों का हाल, दिये समुचित चिकित्सा के निर्देश

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। नवाबगंज थाना क्षेत्र के निम्नहारा में कृष्ण जन्माष्टमी की प्रतिमा विसर्जन के दिन एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है।भगवान कृष्ण के प्रतिमा विसर्जन जूलूस के दौरान बच्चों द्वारा स्टील पाइप मे लगा झंडा लहराते समय हाईटेंशन तार से संपर्क हो जाने से 14 लोग झूलस गए।मिली जानकारी के मुताबिक श्री कृष्ण जन्माष्टमी विसर्जन जुलूस के दौरान उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब झंडा लहराते समय बिजली का झटका लगने से लगभग 14 लोग घायल हो गए। एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया है कि विद्याराम पुत्र दूखई (30), लक्ष्मी देवी पत्नी माता प्रसाद (50), सचिन पुत्र मिश्रीलाल (5), रुखसार पुत्री इरफान (5), रचना पुत्री मिश्रीलाल (18), संजना पुत्री कांग्रेस (12), तहसीन पुत्री नसीर (9), सोएब पुत्र समीर (12), राकेश पुत्र छोटकाऊ (10), आयशा पुत्री संजय (8) का सीएचसी मे इलाज चल रहा है। जबकि इसरार पुत्र रज्जब अली (8) की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला हॉस्पिटल बहराइच रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बहराइच, एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने मौके पर पहुंचकर घायल मरीजों का हालचाल जाना व बेहतर इलाज हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान थाना नवाबगंज व रूपईडीहा की पुलिस भी बराबर मौके पर मौजूद रही।

# ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला की तीसरी बैच का हुआ समापन

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान लगातार कर रहा कार्य

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा के उर्रा बाजार में स्थित युवा मार्गदर्शन संस्थान ने हाल ही में अपनी निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशालाओं के तीसरे बैच का समापन किया। इस कार्यशाला में 30 महिलाओं छात्राओं ने ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया जो एक माह तक चला ।संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। कार्यशाला में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं को ब्यूटी पार्लर की बारीकियां सिखाई गईं।संस्थान द्वारा महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बना सकें। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। संस्थान ने एक विशेष पहल की है जिसमें प्रशिक्षण में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को तीन माह के लिए आगे के प्रशिक्षण के लिए प्रमोट किया जाएगा। इससे वे अपने कौशल को और भी निखार सकेंगी और अपने करियर में आगे बढ़ सकेंगी। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रशिक्षुओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और संस्थान के पदाधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बना सकती हैं।

# किसी भी दिन हो सकती है बड़ी घटना, समय रहते विद्युत विभाग नहीं चेता तो लगेगी भीषण आग

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के माल गोदाम रोड स्थित प्राइमरी पाठशाला के पास लगा हुआ विद्युत पोल स्थानीय लोगों के लिए आए दिन खतरा बना हुआ है। इस पोल पर लटक रहे जर्जर तारों से बार-बार स्पार्किंग होती है, जिससे कई बार तार जलकर नीचे गिर चुके हैं। गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन क्षेत्रीय नागरिकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले की सूचना कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशन में लाई जा चुकी है, साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी कई बार मौखिक और टेलीफोन पर शिकायत की गई है, लेकिन विभाग की लापरवाही अब तक दूर नहीं हुई।



व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अजय मित्तल, विजय मित्तल, अयूब मेकरानी और एडवोकेट मोहम्मद अयूब ने बताया कि बार-बार विभाग को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। रात में तार जल जाने के कारण पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए भी खतरा बना रहता है। क्षेत्रीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते विद्युत विभाग ने संज्ञान लेकर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी विभाग पर होगी।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

## प्रशिक्षण में बताई एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण की नीतियां

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विकास क्षेत्र मिहींपुरवा अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र मिहींपुरवा में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी प्रदीप नारायण सिंह, अंशुल कुमार, विजय पाल , सुनील कुमार व पवन कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण नीतियों व भारतीय ज्ञान प्रणाली की जानकारी दी। संदर्भदाता प्रदीप नारायण सिंह ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आलोक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीतियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 3 की भाषा, गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों वीणा, गणित मेला व संतूर की विषयवस्तु तथा कक्षा 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की नीतियों की जानकारी देना एवं शिक्षकों को बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान के बारे में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें और उन्हें भविष्य के योग्य नागरिक के रूप में तैयार कर सकें। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक अजय वर्मा ने प्रतिभागियों को कक्षा 4 व 5 में संदर्शिका आधारित शिक्षण नीतियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह न केवल बच्चों बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का विद्यालय में सम्यक उपयोग करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास में अपना योगदान देंगे।

# सांसद डॉ आनंद गोंड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

## गेहूं के डंठल से बनी कलाकृति पीएम को किया भेंट

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। बहराइच 56 लोकसभा से सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड ने नई दिल्ली में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर जनपद के विकास के लिए चर्चा की इस दौरान उनकी पत्नी भी मौजूद रही। सांसद डॉ आनंद गोंड ने बताया कि जनपद बहराइच के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अधिकाधिक अवसर प्रदान करने का आग्रह करते हुए यह विश्वास प्रकट किया कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में बहराइच प्रगति और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा ।इस अवसर पर बहराइच की स्थानीय कला एवं कारीगरी की झलक पेश करते हुए प्रधानमंत्री जी को गेहूं के डण्ठल से बनी अद्वितीय कलाकृति भेंट की गई। यह भेंट न केवल वोकल फॉर लोकल की परंपरा का प्रतीक है, बल्कि हमारे कारीगरों की मेहनत, हुनर और संस्कृति का गौरवपूर्ण प्रतिबिंब भी है। प्रधानमंत्री जी से प्राप्त आशीर्वाद ने यह संकल्प और प्रबल कर दिया है कि बहराइच को शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार की दृष्टि से एक आदर्श जनपद बनाकर विकसित भारत के सपने को साकार किया जाएगा। सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जनपद वासियों को विकास की उम्मीदें लगातार बढ़ गई है।



# रोजगार सेवक के कार्यों से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## मूल ग्राम पंचायत से रोजगार सेवक की किया जाए तैनाती: ग्रामीण



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार में ग्राम रोजगार सेवक की अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम रोजगार सेवक पूर्णिमा देवी हमारे ग्राम पंचायत की नहीं है और प्रायः नानपारा में रहती हैं। ग्राम पंचायत में कौन सा कार्य कहां व किस स्थान पर हो रहा है, इसकी भी सटीक जानकारी नहीं रखती हैं। इसके बावजूद भी कच्चे अथवा पक्के कार्यों में कमीशन की मांग करती हैं। कमीशन ना देने पर फर्जी शिकायत कर विकास कार्य को बाधित कर रही हैं। इसलिए दूसरे ग्राम पंचायत की हमारे ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम रोजगार सेवक को हटाकर हमारे मूल ग्राम पंचायत से अन्य किसी रोजगार सेवक की तैनाती की जाए, जिससे कि विकास कार्य बाधित न हो। वहीं संबंध में रोजगार सेवक पूर्णिमा देवी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मनमाने तरीके से करवाये जा रहे कार्यों की मेरे द्वारा शिकायत की गई थी, इसलिए प्रधान पक्ष के लोगों द्वारा ऐसा किया जा रहा है।

# निर्माणाधीन पुलिया व काजवे की जांच करने पहुंचे बीडीओ शिवपुर



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार में साहाबा (अंत्येष्टि स्थल) के पास तालाब पर हो रहे पुलिया व काजवे निर्माण मे अनियमितता की शिकायत पर आज शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव अपने टीम सहित मौकाए स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। जानकारी के मुताबिक दो पुलिया तथा दो काजवे के समायोजित कार्य, मनरेगा हाजिरी व धन आवंटन में धांधली आदि को लेकर शिकायत की गई थी के क्रम में आज शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी शिवपुर द्वारा निर्माण स्थल पर पहुंचकर विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कार्य योजना के संबंध में सभी तथ्य जुटाए जाएंगे, यदि अनियमितता पाई गई तो कार्यवाही अवश्य की जाएगी। जांच के दौरान एडीओ कोऑपरेटिव विनीत सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार जायसवाल व काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# परिचालक ने कार्ड होने के बाद भी मूक-बधिर से वसूला किराया, की अभद्रता

## पीड़ित मूक-बधिर ने जिलाधिकारी से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के उर्रा गांव निवासी वरुण पोरवाल मूक-बधिर है ।उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बना हुआ है। 17 अगस्त को मूक-बधिर वरुण पोरवाल अपनी बेटी के साथ ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रोडवेज से लखनऊ जा रहे थे। उन्होंने परिचालक को अपना कार्ड दिखाया लेकिन परिचालक ने कार्ड को दरकिनार करते हुए इनसे किराया वसूल लिया और अभद्रता की। बहराइच वापस पहुंचकर मूक-बधिर संघ के बैनर तले जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा कार्रवाई की मांग की ।इस मौके पर वरुण कुमार गुप्ता, मोहम्मद नदीम खान, सरवण कुमार, अंशु सिंह, विशुन सोनी मौजूद रहे।



# जमीन विवाद में दो महिलाओं ने डीएम से मांगी मदद

## सुल्तानपुर में बोली- 5 लोगों ने किया कब्जा, थाने पर नहीं मिला न्याय

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, जिले में एक जमीनी विवाद का मामला सामने आया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी की रहने वाली सहीदुन निशा और परमीन खातून ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। महिलाओं का आरोप है कि ग्राम धंधू में स्थित उनकी गाटा संख्या 86 की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करने का प्रयास किया है। आरोपियों में झब्लू सिंह, बब्लू यादव, सूर्यभान मिश्रा, फिरोज खान और प्यार अली शामिल हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपी हथियारों के साथ जमीन पर पहुंचे। महिलाओं और अन्य खातेदारों के विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िताओं ने थाने में शिकायत की और डायल 112 पर भी कॉल की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने फिर से जमीन पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। पीड़िताओं ने एक बार फिर पुलिस को सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब दोनों महिलाओं ने जिलाधिकारी से एफआईआर दर्ज कराने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। डीएम ने महिलाओ को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खाद वितरण में अनियमितता की शिकायत

## एसडीएम ने किया शादाब खाद भंडार का निरीक्षण, नमूना भेजा लैब



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, खाद वितरण में अनियमितता की शिकायतों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने जगदीशपुर क्षेत्र के निहालपुर स्थित शादाब खाद भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य निरीक्षक और सहायक विकास अधिकारी कृषि भी मौजूद थे। टीम ने गोदाम में रखी खाद की उपलब्धता की जांच की। साथ ही वितरण से जुड़े दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। मौके से एक नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट में दोष पाए जाने पर खाद भंडार संचालक पर कार्रवाई होगी। एसडीएम कनौजिया ने कहा कि खाद वितरण में किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# साइबर क्राइम से बचाव का प्रशिक्षण

## एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में साइबर क्राइम और महिला थाना पुलिस ने एसीसी सीमेंट फैक्ट्री टिकरिया में जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करनी चाहिए। रिमोट एक्सेस ऐप्स जैसे क्विक सपोर्ट, एनी डेस्क, टीम व्यूअर का उपयोग न करने की सलाह दी गई। साइबर सुरक्षा टीम ने बताया कि अनजान एपीके फाइल्स डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या एसएमएस पर आए लिंक्स पर क्लिक न करें। यूपीआई पिन, एटीएम पिन या बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले मैसेज से सावधान रहें। एटीएम का उपयोग करते समय किसी अजनबी की मदद न लें। कार्ड के पीछे अपना नाम जरूर लिखें। ओटीपी या पिन नंबर कभी भी किसी को न बताएं। छोटी रकम के लालच में न आएं क्योंकि इसके जरिए अपराधी बड़ी रकम की धोखाधड़ी कर सकते हैं।

## संक्षेप

### एक्सप्रेसवे पर बस डिवाइडर से टकराई

**ड्राइवर सहित 15 लोग घायल, बस के आगे का हिस्सा अलग हुआ**

गाजियाबाद , वेव सिटी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा हुआ। हल्द्वानी से दिल्ली जा रही प्राइवेट बस सनसिटी गेट के पास डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में 15 यात्री घायल हुए। बस चालक की स्थिति गंभीर है। चालक ने सामने अचानक आए एक वाहन को बचाने की कोशिश में बस का नियंत्रण खो दिया। इसके बाद तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस चालक और कंडक्टर का भी वहीं इलाज चल रहा है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने बस को किनारे करवाकर और मलबा हटवाकर यातायात सामान्य किया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों का कहना है कि तेज रफ्तार और अचानक सामने आने वाले वाहनों के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं।

### राहुल डागर हत्याकांड में आरोपी फरार

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और भाकियू का थाने पर धरना**

गाजियाबाद, राजनगर एक्सटेंशन में होटल कारोबारी राहुल डागर की हत्या के मामले में अब भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिजन परेशान हैं। इसी को लेकर परिजनों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं के साथ नंदग्राम थाने पर धरना दिया और न्याय की मांग उठाई। घटना , जब क्लासिक रेजीडेंसी के सामने राहुल डागर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उनके साथ मौजूद एक व्यक्ति घायल हो गया था। मामले में राहुल के बहनोई ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने ज्यादातर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 1 ने कोर्ट में सरेंडर भी किया, लेकिन मुख्य आरोपी मनीष चौधरी, जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम है, अब तक फरार है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है और उनकी बात भी नहीं सुनी जा रही। उन्होंने कहा कि बिना पूछे इस केस की जांच विजयनगर थाने ट्रांसफर कर दी गई। पीड़ित परिवार ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और अपनी सुरक्षा की मांग की। धरने की सूचना पर एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों और किसानों को भरोसा दिलाया कि 3 दिन के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, नहीं तो उसके घर की कुर्की की जाएगी। साथ ही परिवार की सुरक्षा की मांग को भी मान लिया गया। धरने में मृतक की पत्नी, मां और बहन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान शामिल हुए। बीकेयू के नेता टीनू चौधरी, बिल्लू प्रधान और किसान नेता राहुल चौधरी दुहाई ने परिवार को समर्थन दिया और कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, संगठन परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

# मोबाइल के लिए चचेरे भाई का अपहरण किया

## ईंट से सिर कूचा, हाथ-पैर बांधकर झाड़ियों में फेंका; चेहरे की खाल खा गईं चींटियां

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, 16 साल के लड़के ने अपने 9 साल के चचेरे भाई का अपहरण कर लिया। पोल खुलने के डर से आरोपी ने भाई को मारना चाहा। इसलिए ईंट से उसका सिर कूच दिया। जब वह बेसुध हो गया तो हाथ-पैर बांधकर उसे घर से 500 मीटर दूर झाड़ियों में फेंक दिया। वारदात के करीब 14 घंटे बाद पुलिस ने बच्चे को घायल अवस्था में बरामद किया है। बच्चे के चेहरे, आंख-कान पर चींटियां रेंग रही थीं। चींटियां चेहरे के कुछ हिस्से की खाल खा गई थीं। पुलिस ने घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई को अरेस्ट कर लिया। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बताया, उस पर 1800 रुपए का कर्ज हो गया था। जिसे वह फिरौती के रकम से चुकाना चाहता था।


अंश, छात्र

साथ ही महंगा मोबाइल खरीदना चाहता था। मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र का है। घर के बाहर खेलने गया, लापता हो गया जारी गांव के रहने वाले राजेश केसरवानी चावल कारोबारी हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा श्लोक कुमार 7वीं में पढ़ता है। जबकि छोटा बेटा अंश (9) चौथी क्लास का छात्र है। राजेश ने बताया, छोटा बेटा अंश बुधवार सुबह करीब 8 बजे घर से बाहर खेलने के लिए निकला था। मैं बाजार से घर आया तो पत्नी ने कहा, अंश आज खाना खाने नहीं आया। पता नहीं, कहां चला गया है। मोहल्ले में भी कहीं नहीं है। इसके बाद हम लोगों ने उसकी खोजबीन की। मगर, वह नहीं मिला। शाम करीब 5 बजे थाने पर बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। राजेश कहते हैं- पुलिस और हम लोग लगातार उसे खोज रहे थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी कि एक लड़का झाड़ियों में पड़ा हुआ है। हम लोग मौके पर पहुंचे। यहां झाड़ियों में देखा कि मेरा बेटा पड़ा हुआ था। उसके हाथ-पैर बंधे थे। सिर से खून निकल रहा था। चेहरे पर चींटियां लगी हुईं थीं। हम लोगों ने तत्काल बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल और घर के आसपास लगे हुए सीसीटीवी देखे।

इसमें आरोपी अपने भाई अंश को ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपी, रिश्तेदार निकला पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया- मैं अंश को घर से कंचा (कांच की गोलियां) देने के बहाने अपने साथ लेकर गया था। उसे झाड़ियों के पास ले गया। जहां मैंने उसके सिर पर पत्थर मार दिया। इस पर वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। फिर मैंने रस्सी से उसके हाथ-पैर बांधे। फिर उसे झाड़ियों में फेंक दिया और वापस आ गया।

# खरीफ की फसल को लेकर जागरूक हुए किसान




**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत किसानों को खरीफ की फसल के प्रति जागरुक करते हुए उन्नत किस्म के बीज तथा फसलों के विषय में वृहद जानकारी दी गई ब्लॉक स्तरीय कृषि गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता आदि ने किसान गोष्ठी का शुभारंभ किया वहीं मौके पर मौजूद कृषि प्रभारी समेत अनेक अधिकारियों ने किसानों को उन्नत फसलों जैसे मक्का कोदौं ज्वार बाजरा आदि के बारे में विशेष जानकारियां प्रदान की इस गोष्ठी में समूचे विकासखंड समेत क्षेत्र अन्य क्षेत्र के किसान तथा वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे

# पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली, बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर, बादलपुर पुलिस ने मुठभेड़ में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसे आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे। घायल आरोपी की पहचान पप्पू उर्फ पप्पू मिस्त्री के रूप में हुई। वह अलीगढ़ के मुकुंदपुर का रहने वाला है। फिलहाल छपरौला में किराए के मकान में रह रहा था। 27 वर्षीय आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, सैमसंग मोबाइल और सोने के गहने बरामद किए हैं। ये गहने 3 अगस्त को छपरौला के विद्या वर्ल्ड स्कूल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला से लूटे गए थे। आरोपी ने लूट के दौरान महिला का गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस रोजा याकूबपुर के रेलवे फाटक के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया। वह नहीं रुका और जंगल की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी।



# पैठ हटाने के विरोध में महिलाओं का धरना

## 400 परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट, महिलाओं का आरोप- रोजगार छीना जा रहा

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद , विशोखर रोड पर पैठ हटाने के विरोध में हालात गरमा गए। सैकड़ों महिलाएं एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचीं और जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गईं। इस पैठ में पिछले 50 वर्षों से 400 से अधिक दुकानदार अपना व्यवसाय कर रहे हैं। अचानक नगर पालिका परिषद की कार्रवाई से इन दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। नगर पालिका परिषद ने दुकानदारों को सड़क के केवल एक तरफ दुकान लगाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर दुकानें लगने से आवागमन बाधित होता है। दरअसल, एक महिला ने इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद नगर पालिका ने पैठ पर रोक लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी। महिलाओं का आरोप- रोजगार छीना जा रहा धरने पर बैठी महिलाओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका साजिश के तहत पैठ हटवाना चाहती है। उनका कहना है कि सभासद और अधिकारी आपस में मिलीभगत कर 400 परिवारों की आजीविका छीनना चाहते हैं।



महिलाओं ने चेतावनी दी है कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता, उनका धरना जारी रहेगा। प्रशासन और पालिका की दलील एसडीएम अजीत सिंह ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि वे नगर पालिका अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही कोई रास्ता निकाला जाएगा।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र का कहना है कि दुकानदार नो वेंडर जोन में दुकान लगाते हैं, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को दिक्कत होती है।

# अग्नि वीर बन कर किया महाविद्यालय का नाम रोशन



**अमन लेखनी समाचार**

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा, वाणिज्य विभाग की छात्रा करिश्मा चौधरी ने छह महीने की ट्रेनिंग पास कर अग्नि वीर बनकर न केवल अपने परिवार और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया है भारत की बेटी भी अब समाज ? में अपना स्थान बनाने लगीं हैं। करिश्मा ने कहा कि वह आज अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अपने महाविद्यालय के प्राचार्य और अपने सभी शिक्षकों को देती हूं जिनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से मैं आज यहां तक पहुंची हूं।

# सांसद प्रतिनिधि के ड्राइवर ने की आत्महत्या

- मौत से पहले बनाया वीडियो, दरवाजा खोलते ही पत्नी ने देखा फंदे पर लटका शव

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में भाजपा नेता दीपक गुप्ता के ड्राइवर ज्योति कश्यप ने फांसी लगाकर जान दे दी। भाजपा नेता दीपक गुप्ता सांसद अरुण गोविल के प्रतिनिधि हैं। ज्योति प्रभातनगर में रहते थे। घटना के समय उनकी पत्नी पूजा अपने मायके संजय नगर बच्चों के साथ गई हुई थी। जब वह घर लौटी तो दरवाजा खोलते ही देखा कि पति फंदे से लटके हुए हैं। पत्नी की चीख सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। छुट्टी पर थे ड्राइवर भाजपा नेता दीपक गुप्ता ने बताया कि ज्योति लंबे समय से उनके यहां ड्राइवर थे। वह अपने परिवार के साथ उनके मकान की ऊपरी मंज़िल पर किराए से रहते थे। उनके तीन बेटियां




और एक बेटा है। जानकारी के मुताबिक, ज्योति 6 अगस्त से छुट्टी पर थे और तभी से पारिवारिक तनाव झेल रहे थे। सुसाइड करने से पहले बनाया वीडियो सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ज्योति शराब के आदी थे। उनकी मोबाइल फोन से करीब दो मिनट का एक वीडियो मिला है। वीडियो में ज्योति शराब पीते हुए नजर आ रहे हैं और पत्नी-बच्चों के साथ चल रहे घरेलू विवाद का जिक्र कर रहे हैं।

पुलिस ने वीडियो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की पूरी सच्चाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली, आरोपी पर दर्ज है 16 मुकदमें; साथी फरार

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद, साहिबाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस और मोबाइल स्नैचिंग करने वाले बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने 25 वर्षीय शातिर बदमाश अमन को धर दबोचा। गोली लगने से घायल हुए आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। बाइक सवारों ने पुलिस पर की फायरिंग एसीपी श्वेता यादव के अनुसार, साहिबाबाद पुलिस टीम सुबह सिटी फॉरेस्ट से नाग द्वार चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी संदिग्ध बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देख दोनों बदमाश भागने लगे और पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने



भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अमन के पैर में गोली लगी और वह बाइक समेत गिर पड़ा। मौके से बरामद हुआ हथियार और मोबाइल पुलिस ने आरोपी अमन को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, छीना हुआ मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। फरार आरोपी शिवम की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। शौक पूरा करने के लिए करता था वारदात पूछताछ में अमन ने कबूल किया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए स्नैचिंग की वारदात करता था। चोरी की बाइक पर सवार होकर अपने साथी शिवम के साथ राहगीरों से मोबाइल छीनते और फिर उन्हें बेचकर खर्च उठाते थे। पुलिस का कहना है कि यह गैंग एनसीआर में सक्रिय था और अचानक हमला कर मोबाइल छीनकर भागने की वारदातें करता था। 16 मुकदमों में वांछित जांच में खुलासा हुआ है कि अमन पर पहले से ही गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली-एनसीआर के थानों में करीब 16 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें लूट, चोरी, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट और गुंडा एक्ट के केस शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी एक लंबे समय से इलाके में सक्रिय था और कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल पुलिस ने फरार बदमाश शिवम को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दनकौर का व्यापारी साइबर ठगी का शिकार हुआ

## यूपीआई के जरिए 10 बार में खाते से एक लाख रुपये निकाले, साइबर सेल में शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**



जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक व्यापारी के बैंक खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपये निकाल लिए। व्यापारी जौनी कुमार को बैंक में अपना खाता चेक करने पर इस धोखाधड़ी का पता चला। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार, यह राशि यूपीआई के माध्यम से 10 अलग-अलग लेनदेन में निकाली गई। जौनी कुमार का कहना है कि उन्होंने खुद कोई यूपीआई लेनदेन नहीं किया। पीड़ित व्यापारी ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल प्रभारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रिहाइशी सोसाइटी में गॉर्ड ने युवक को पीटा

## सिर में लगे तीन टांके, घर में पत्नी से हुआ था विवाद, एक सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा, सेक्टर-77 अंतरिक्ष कैंबॉल सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। व्यक्ति की पीठ और हाथ-पैर में वोट के निशान है। उसके सिर में तीन टांके आए हैं। वजह सिर्फ ये थी कि परसों उसकी पत्नी से थोड़ा विवाद हो गया था और आवाज फ्लैट के बाहर जा रही थी। जिसकी शिकायत किसी अन्य ने सिक्योरिटी ऑफिस में की। वहां से सिक्योरिटी गार्ड ने व्यक्ति को फ्लैट से बाहर निकाला और मारपीट की। पीड़ित की शिकायत थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी और एक गार्ड को गिरफ्तार किया है। सोसाइटी में हर्ष परिवार के साथ रहते हैं। हर्ष ने एक वीडियो जारी कर बताया कि परसों उसका पत्नी के साथ थोड़ा विवाद हो गया था। जिसके बाद कहासुनी होने



लगी। शायद आवाज ज्यादा थी। इसलिए किसी ने सिक्योरिटी में बोल दिया। नीचे से उनके फ्लैट पर तीन-चार गार्ड आए और दरवाजा खोलने के लिए बोला। मैंने मना किया तो दरवाजा तोड़ने के लिए कहने लगे। दरवाजा खोलते ही एक सिक्योरिटी गार्ड ने मुझसे मारपीट शुरू कर दी। वो मुझे नीचे ले गए। वहां गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर चार गार्डों ने मेरे साथ मारपीट की। एक गार्ड ने लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार किया। सिर में तीन टांके भी आए हैं। पुलिस से मामले की शिकायत की गई। पुलिस ने एक्शन लिया और एक गार्ड कृष्णा पुत्र अनिल निवासी शामपुर, थाना विधूना, जनपद औरैया को गिरफ्तार किया।

बाकी तीन गार्ड की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पीड़ित का मेडिकल करवा दिया गया है।

# सरकारी अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी से छेड़छाड़

## युवक ने हाथ पकड़ा, महिला बोली- वार्ड के पीछे चलने के लिए कहा, मना करने पर धमकी दी

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा, शराब के नशे में जिला अस्पताल में एक व्यक्ति ने नर्सिंग अधिकारी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शोर मचा दिया। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। महिला ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने कहा- मैं जिला अस्पताल के महिला वार्ड में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इस समय महिला की ड्यूटी रात में चल रही है। महिला ने कहा- मनोज शर्मा नाम का व्यक्ति मेडिसिन के महिला वार्ड में आया। वह शराब के नशे में धुत था। मनोज बार-बार महिला को वार्ड के पीछे चलने को बोल रहा था। महिला ने जब मना किया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती वार्ड के पीछे ले जाने लगा। किसी तरह से महिला ने खुद को आरोपी से छुड़ाया। इसके बावजूद वह लगातार छेड़खानी और बदसलूकी किए जा रहा था। शोर शराब सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान वार्ड प्रभारी और सिक्योरिटी गार्ड आ गए और आरोपी को दबोच लिया। नशे में उसने सिक्योरिटी गार्ड के साथ भी अभद्रता की। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन के घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची



और आरोपी को अपने साथ ले गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी यूट्यूबर है और पूर्व में भी अस्पताल के स्टॉफ को परेशान कर चुका है।

# महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हेतु प्रदेश के सभी जनपदों में होंगी ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन की बैठक

**सभी जिलाध्यक्षों को 22 से 31 अगस्त तक बैठक आयोजित करने के निर्देश**

**बैठकों में मंडलीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी भी करेंगे प्रतिभाग**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रदेश के सभी जनपदों में ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला इकाइयां अपने अपने जिले में 22 से 31 अगस्त तक संगठन की बैठकें आयोजित करेंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार भाटिया ने बताया कि इस संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी द्वारा सभी जिलाध्यक्षों एवं जिला महा मंत्रियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है ।प्रदेश संगठन के निदेशों के अनुपालन में सभी जिलाध्यक्ष बैठक हेतु निर्धारित एजेण्डा में जिला स्थाई समिति के गठन, जिला स्तरीय सम्मेलन के आयोजन, पत्रकार उत्पीड़न, पत्रकारों का दुर्घटना बीमा कराने सहित स्थानीय स्तर की समस्याओं को समायोजित कर 31 अगस्त तक सुविधानुसार बैठकों की तिथि एवं स्थान निर्धारित कर ससमय संबंधित पदाधिकारियों /सदस्यों को सूचित कर बैठकें आयोजित करें। इन बैठकों में सम्बंधित जनपदो के मण्डलीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी भी अपने अपने जनपद मे प्रतिभाग करेंगे, इस हेतु उन्हें भी ससमय सूचित कर आमंत्रित करें। बैठक के पश्चात सभी इकाईयां बैठक की कार्यवाही, प्रेस नोट, छाया चित्र आदि भी प्रदेश संगठन को ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करें।

# सैकड़ों भक्तों का जत्था कामदगिरि की परिक्रमा के लिए चित्रकूट धाम रवाना

अमन लेखनी समाचार

ककरबई-झांसी। विगत बर्षों की भांति इस वर्ष भी कसवा ककवरई निवासी नितिन मिश्रा द्वारा भक्तों को भाद्रपद अमावस्या के मौके पर निःशुल्क कामदगिरि महाराज की परिक्रमा के लिए निजी टूरिस्ट बस व लोडर में रास्ते के लिए राशन पानी की व्यवस्था के साथ कामदगिरि महाराज की परिक्रमा के लिए चित्रकूट धाम ले जाया गया। तीर्थ यात्रा के पूर्व सभी यात्रियों ने बड़ी माता मंदिर से रामनाम संकीर्तन करते हुए सभी देवालयों का पूजन अर्चन करने के उपरान्त बस स्टैंड से वाहन पर सवार हुए। यहां से सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम के महंत राकेश दास महाराज ने सभी यात्रियों को निर्विघ्न यात्रा की कामना करते हुए जय श्रीराम के जयकारों के साथ रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार साहू भी कसवा भ्रमण में भक्तों के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर सभी व्यवस्थाओं को संभालने में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार खरे, प्रभात प्रजापति, कृष्णकांत तिवारी, जागेश्वर गुप्ता, भूपेंद्र अहिरवार, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य कई भक्तों का विशेष सहयोग रहा।



# चोपन में गड्ढों में तब्दील सड़क, लोगों की बढ़ी मुश्किलें

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन कार्यालय से सटी और हाइडिल कॉलोनी की ओर जाने वाली मुख्य सड़क बदहाल हालात में है। रेलवे अंडरपास पुलिया से शुरू होकर यह मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने ही सड़क की यह दुर्दशा नगर निकाय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। यह मार्ग कांसीराम शहरी आवास सहित दो वार्डों को जोड़ता है और हजारों की आबादी इसी रास्ते से गुजरती है। जर्जर सड़क पर बने गड्ढे जहां सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क के दावों की पोल खोल रहे हैं, वहीं बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों के लिए यह रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे बड़ा संकट बन चुके हैं। सबसे अहम बात यह है कि इसी मार्ग से होकर 33/11 केवी पावर सब-स्टेशन और चोपन गांव की ओर भी रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। पूरे नगर और आसपास के दर्जनों गांवों के लोग बिजली संबंधी कार्यों के लिए इसी रास्ते से गुजरते हैं। ऐसे में टूटी-फूटी सड़क का खामियाजा उन्हें भी भुगतना पड़ता है। हाइडिल कॉलोनी निवासी अमन मौर्य का कहना है कि इस क्षेत्र में कांसीराम शहरी आवास के अलावा दो वार्डों के सभासदों के भी आवास हैं। बावजूद इसके नगर पंचायत की उदासीनता के चलते आज तक सड़क और नाली की कोई समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी। बरसात के दिनों में जलजमाव से समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कई जगह सजावटी काम और अपेक्षाकृत काम जरूरी योजनाएँ चल रही हैं, लेकिन जिन बुनियादी जरूरतों का हल निकाला जाना चाहिए, उन्हें नजर अंदाज किया जा रहा है। सवाल यह भी है कि लगातार तीसरी पंचवर्षीय में जनता ने एक ही परिवार के हाथ में नगर पंचायत की बागडोर सौंपी है ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि जनप्रतिनिधि इन समस्याओं से अनजान कैसे हैं। नगर में विकास के नाम पर काम तो हो रहे हैं, लेकिन जिन मुद्दों पर प्राथमिकता होनी चाहिए थी, वही अब जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं। टूटी सड़कों और नालियों की कुव्यवस्था से परेशान लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो विकास केवल कागजों और बोर्डों तक ही सीमित रह जाएगा।

खास समाचार

# शिवा पथरोल की प्रथम जयंती पर भंडारे का आयोजन, डॉ० संदीप ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। शिवा पथरोल की प्रथम जयंती के अवसर पर उनके परिजनों द्वारा बीकेडी चौराहे स्थित मंदिर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप सरावगी को आमंत्रित किया गया, डॉक्टर संदीप ने शिवा पथरोल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात भंडारे का प्रारंभ हुआ डॉक्टर संदीप एवं पथरोल परिवार द्वारा सैकड़ों की संख्या में लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर डॉ० संदीप ने कहा आज हम सब यहाँ शिवा पथरोल की प्रथम जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए हैं यह दिन हम सबके लिए प्रेरणा का क्षण है। किसी भी व्यक्ति का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसके जन्म या बाह्य आकर्षण तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसके कार्य, विचारधारा और आदर्शों में होता है जिसे उन्होंने समाज को दिया। शिवा पथरोल ने अपने जीवनकाल में जिन मूल्यों को अपनाया और समाज में जिन उच्च आदर्शों का संचार किया, वह हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर पथरोल परिवार से उनके भाई दीपांशु पथरोल, पुत्र शिवांश एवं दीपक पथरोल सहित लखन लाल पथरोल, मुकेश करोसिया, शिवम पथरोल, अजय प्रताप सिंह, प्रियांशु पथरोल, सूर्यांश, दिव्यांश, शिवांश, दीपक सहित संघर्ष सेवा समिति से संजय राष्ट्रवादी, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# 100 वर्षों से प्रज्वलित हो रही विश्व भ्रमण पर निकली अखंड ज्योति कलश यात्रा

**दुद्धी तहसील परिक्षेत्र आगमन पर दर्शन पूजन कर बनें पुण्य के भागी – जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी**

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी/ सोनभद्र तहसील परिक्षेत्र में अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज - हरिद्वार में सस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा जलाई गई माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष 1926 में नित्य प्रज्वलित दिव्य ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दिव्य अखंड ज्योति मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण , विश्व शांति , 21वीं सदी उज्जवल भविष्य की परिकल्पना के साथ विश्व भ्रमण पर निकली रथ यात्रा का पावन आगमन दुद्धी तहसील परिक्षेत्र दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को अनपरा से म्योरपुर आगमन उपरान्त रात्रि सागोबांध श्री रामनाथ प्रजापति प्रज्ञा मंडल अध्यक्ष के मार्गदर्शन में दीप यज्ञ का कार्यक्रम सम्पादित किया जायेगा। दिनांक 27 अगस्त 2025 को प्रातः दिव्य अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का आगमन प्रज्ञा मंडल नगवा अध्यक्ष शिवकुमार खरवार के मार्गदर्शन में गांधी मैदान नगवा पर दर्शन पूजन होगा। दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा दिनांक 27 अगस्त 2025 को नगवा से दोपहर दुद्धी श्री रामलीला खेल मैदान पर होगा जहाँ जिला ट्रस्ट्री डॉ हर्षवर्धन प्रजापति शिव शंकर कुशवाहा, तहसील समन्वयक जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, ब्लॉक समन्वयक पन्नालाल कुशवाहा, प्रज्ञामंडल अध्यक्ष जीवन राम चन्द्रवंशी एडवोकेट आदि के मार्गदर्शन में ब्लॉक परिसर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल पर दर्शन - पूजन भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन आदि प्रबुद्धजनों द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात डिहवार बाबा मन्दिर से होकर रामनगर रेलवे क्रॉसिंग पुनः रामनगर घर-घर दर्शन पूजन नगर के प्रमुख चौराहों व धार्मिक स्थलों पर जगह-जगह दर्शन पूजन उपरान्त वार्ड 1 पत्ता कम्पनी दलित सुपर बस्ती में दर्शन पूजन उपरान्त महावीर सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग से होटल ग्रीन स्टार दुद्धी पर भव्य अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज से पधारे टोली द्वारा भव्य दीप यज्ञ व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया हैं। जिसमें भक्तगणों से अपने घरों से दीपक लेकर पहुंचने की गायत्री परिवार द्वारा की जा रही है।




# पुलिस पाठशाला के माध्यम से साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम



**एम.आर. जयपुरिया स्कूल में सोनभद्र पुलिस ने बच्चों को डिजिटल सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 22.08.2025 को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र की टीम द्वारा एम.आर. जयपुरिया स्कूल, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में ह्लपुलिस पाठशालाह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को साइबर अपराधों, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने छात्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सजग और सतर्क रहने की सलाह दी तथा किसी भी संदेहजनक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया।

**साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र की टीम द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी में शामिल विषय:**

प्र0नि0 सदानन्द राय ने डिजिटल अरेस्ट, फेक लोन एप्स, फर्जी ऑफर, ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं एवं शेयर मार्केट स्कैम से संबंधित साइबर अपराधों की जानकारी दी एवं उनसे बचाव के उपाय बताए। हे0का0 शिवनन्दन सिंह एवं का0 शैलेश विक्रम ने सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप के माध्यम से होने वाले अपराधों के साथ-साथ UPI ID, QR कोड स्कैम, एटीएम फ्रॉड, एवं अनजान लिंक्स से होने वाली ठगी के मामलों पर प्रकाश डाला। का0 अखिलेश कुमार ने सेक्सटॉर्शन जैसे गंभीर एवं संवेदनशील साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया और बताया कि ऐसे मामलों में घबराने की बजाय तत्काल पुलिस या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें। उन्होंने साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करने हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं वेबसाइट www.cybercrime.gov.in की जानकारी भी प्रदान की।

कार्यक्रम में एम.आर. जयपुरिया स्कूल के डायरेक्टर, प्रिंसिपल, शिक्षकगण, अन्य स्टाफ सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी इस उपयोगी जानकारी को अत्यंत उपयोगी व समयानुकूल बताया।

पुलिस पाठशाला का यह कार्यक्रम न केवल छात्रों में डिजिटल जागरूकता लाने में सफल रहा, बल्कि समाज में सुरक्षित इंटरनेट व्यवहार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी सिद्ध हुआ।

# नसीराबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। शुक्रवार को नगर पंचायत नसीराबाद के कार्यालय के सामने भारत पेट्रोलियम की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने विभिन्न बीमारियों की जांच कराई और चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया। शिविर में मुख्य रूप से शुगर, बीपी, आंखों की जांच, खून की जांच सहित बहुत सी बीमारियों की जांच की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की समस्याएं सुनकर उन्हें उपचार व बचाव के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। खासतौर पर मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की जांच के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर में डॉ. कासिफ, दयाशंकर सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ मौजूद रहे। सभी चिकित्सकों ने मरीजों को दवाइयों और खानपान के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित आहार से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भारत पेट्रोलियम की जन सरोकार की इस पहल की प्रशंसा की। जागरूक नागरिकों का कहना था कि ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी समय रहते अपनी बीमारियों की पहचान और उचित उपचार कर सकें। भारत पेट्रोलियम के अधिकारी प्रतीक कुमार ने बताया कि कंपनी समय-समय पर सामाजिक जिम्मेदारी के तहत इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती है। उनका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रेरित करना है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से नगरवासियों को काफी लाभ हुआ और बड़ी संख्या में लोगों ने इसे सफल आयोजन करार दिया। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहेगा।इस मौके पर अख्तर हसन नकवी, मोहतरम नकवी नूरी, मनीष तिवारी आदि बहुत से लोग

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में शुक्रवार परेड की ली सलामी, तत्पश्चात किया निरीक्षण

**परेड में सम्मिलित सभी JTC आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़ एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए दिए गए सुझाव**

**यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से की गयी चेकिंग।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक-22.08.2025 को अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा परेड ग्राउण्ड पुलिस लाइन चुर्क में शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त JTC आरक्षियों व पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए दिया गया सुझाव । इसी क्रम में महोदय द्वारा यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तथा महोदय द्वारा जेटीसी मेस, पुलिस बैरक, शौचालय, कम्प्युटर कक्ष, आरटीसी स्कूल इत्यादि का जायजा लिया गया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए ।

# ग्राम चौपालों से अधिकारी नदारद, जनता में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ज्यादा भाग दौड़ न करनी पड़े और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके इसी उद्देश्य को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने गांव-गांव चौपाल का आयोजन करने के आदेश जारी किए हैं। किंतु अधिकारियों की उदासीनता के कारण इनका आयोजन मखौल बनकर रह गया है।शुक्रवार 22 अगस्त को छतोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत पूरे राई में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बैठक में सैकड़ों पुरुष महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया किंतु राजस्व, समाज कल्याण और पंचायत राज के अलावा अन्य किसी विभाग के प्रतिनिधियों के न आने से उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका। कई लोगों ने बताया कि वे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए कई महीनों से ब्लॉक और तहसील के चक्कर काट रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन रहा जिससे उनका स्कूलों में प्रवेश नहीं हो रहा। जियालाल सरोज ने बताया कि परिवार रजिस्टर में उनके पिता का नाम गलत लिख दिया गया है। विनोद कुमार ने ओलीपुर मार्ग से गौशाला होते हुए पूरे लाल डामर रोड तक और पूरे हाथीराम से प्रतापगढ़ बॉर्डर तक लगे हुए खड़ंजे की मरम्मत की बात उठाई। राजकुमार पांडेय ने पूरे लाल में गौशाला के पास और पूरे मनसा में उनके दरवाजे पर टूट गए बिजली के खंभे की जगह नए खंबे लगवाने की मांग की। जगरानी, निर्मला और शीला ने रुकी हुई विधवा पेंशन जारी करने का अनुरोध किया। उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर एडीओ समाज कल्याण विश्वेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल रवींद्र मौर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेम शंकर, जियालाल, कलावती, राजकुमार पांडेय, राम संजीवन पांडेय, विनोद कुमार, विकलांग पेंशनर लक्ष्मी, विधवा पेंशनर जगरानी, निर्मला, शीला आदि मौजूद रहे। वहीं बेढौना गांव की चौपाल में भी कई विभागों के अधिकारी नहीं आये जिससे ग्राम चौपाल मखौल बनकर रह गई। सूचना के अभाव में ग्रामीणों की उपस्थिति भी कम रही।सुबह साढ़े बजे एडीओ आईएसबी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव पहुंचे तो चौपाल आरम्भ हुई।गांव वासी जितेन्द्र ने कई बार आवेदन करने के बावजूद शौचालय न मिलने, रामशरन ने बेटे सुशील कुमार के जन्म प्रमाण पत्र के लिए छह माह से ब्लाक व तहसील के चक्कर लगाने पर भी असफल रहने की बात कही तो एडीओ आईएसबी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सिस्टम धीमा चल रहा है, आपको तेज चलना पड़ेगा। सागर व रामनरेश भी जन्म प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे हैं। रामफेर ने बेटे नकछेद का कच्चा घर गिर जाने पर आवास और रामराज ने परिवार रजिस्टर की नकल की मांग उठाई।ग्रामीणों ने एक स्वर से यूरिया खाद की समस्या बताई। ग्राम पंचायत अधिकारी अजय कुमार ने पेंशन की सूची पढ़कर सुनाई जिसमें तीन मृतक शामिल थे। इस मौके पर प्रधान नरेंद्र कुमार, जीआईसी छतोह के प्रधानाचार्य विनोद कुमार , पंचायत सहायक निहारिका श्रीवास्तव, रोजगार सेवक हरिकेश आदि लोग मौजूद थे।

# क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में स्कूली बच्चों एवं बच्चियों को साइबर अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 22 अगस्त 2025 को मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा व साइबर थाना प्रभारी सदानन्द राय के नेतृत्व में जयपुरिया स्कूल, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों व बच्चियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज, महिला थाना राबर्ट्सगंज द्वारा बच्चों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:- बच्चों और बच्चियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181, 1076, 1098, 108, और 102 के बारे में जानकारी दी गई, ताकि किसी आपातकालीन स्थिति में वे त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। साइबर अपराध पर जागरूकता:- साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया गया, ताकि वे साइबर ठगी और अन्य अपराधों से बच सकें। सरकारी योजनाओं की जानकारी:- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया, जो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना था।

# रवि सिंह ने थाईलैंड में जीता ब्रॉन्ज मेडल, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सोनभद्र जिले के रेणुकूट निवासी रवि सिंह, पुत्र महामाया प्रसाद सिंह, ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है। रवि सिंह जो वर्तमान में हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के विभाग ब्वायलर को-जेनरेशन में कार्यरत हैं ने थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित 8वीं हीरोज ताइक्वांडो इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2025 ( 9-10 अगस्त ) में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग के अंडर 58 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत, उत्तर प्रदेश और सोनभद्र का मान बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्वभर के 32 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें रवि सिंह ने अपने अदम्य साहस और परिश्रम से विजयी उपलब्धि हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर डीएम बद्रीनाथ सिंह, आई0ए0एस0 जिलाधिकारी सोनभद्र एवं एसपी अशोक कुमार मीणा , आईङ्कपीङ्कएसङ्क पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। रवि सिंह की इस सफलता से न केवल उनके परिवार और सहकर्मियों में अपार हर्ष है बल्कि पूरे सोनभद्र जिले और उत्तर प्रदेश के लिए यह गर्व का विषय बन गया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा,'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती है। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी


एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अकसर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *




**किताब** : मारी का सफर, **लेखिका** : लावण्या कार्तिक, **अनुवाद** : सीमा, **मूल्य** : 70 रुपए, **प्रकाशक** : एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।





**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।



**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *



### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *


एआई इमेज



## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

**बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


रितेश, मटियारी


भव्या, बिलासपुर


प्रगति, बिलासपुर


गोपिका, ईमेल से


शुभम, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।